राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in




# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 299
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 22 सितंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 यूपीआईटीएस 2025 : हर जिला कहेगा अपनी कहानी
पेज 4 भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक पंचायत में
पेज 6 यशस्वी जायसवाल ने एशिया कप स्क्वॉड से नजरअंदाज किए जाने

## संक्षिप्त खबरें

### 15 साल के लड़के ने की 4 साल के बच्चे की हत्या

नई दिल्ली। दिल्ली के आनंद परबत इलाके में 15 साल के लड़के ने बदले की भावना से अपने 4 साल के पड़ोसी बच्चे की पत्थर से मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी की जांच की तो उसमें 4 साल का हर्ष किशोर के साथ जाते दिखा। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी लड़के को बाल सुधार गृह भेज दिया है। शुक्रवार को 4 साल का हर्ष ट्यूशन से घर लौटने के बाद बलजीत नगर में खेलने गया था। जब वह घर नहीं लौटा तो मां ने आनंद पर्वत थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लड़का बच्चे को रामजस पार्क की शांत जगह पर ले गया। वहां उसने बच्चे को 30 फुट ऊंची चट्टान से धक्का दिया और फिर सिर पर पत्थर से वार किया।

### सूरत में व्हेल मछली की उल्टी बेचने वाला पकड़ाया

**सूरत।** गुजरात में सूरत पुलिस ने स्पर्म व्हेल की उल्टी यानी एम्बरग्रीस के साथ एक शख्स को गिरफ्तार किया है। इस दुर्लभ और बहुमूल्य पदार्थ की मात्रा 2.904 किलोग्राम है, जिसकी इंटरनेशनल मार्केट में अनुमानित कीमत 5.72 करोड़ रुपए है। पुलिस के मुताबिक आरोपी विपुल खेती करता है और उसे एंटीक चीजों संग्रहण करने का शौकीन और जानकार भी है। यही कारण था कि समुद्र किनारे मिला यह मोम जैसा पदार्थ वह पहचान सका और बेचने की फिराक में था। एंबरग्रीस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारी कीमत इसे तस्करों का पसंदीदा बनाती है।

### स्थापना दिवस



सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की परियोजना विजयक ने लद्दाख के कारगिल में अपना 15वां स्थापना दिवस मनाया।

### श्री करतारपुर साहिब गुरुद्वारा खुला

**अमृतसर।** पाकिस्तान स्थित ऐतिहासिक श्री करतारपुर साहिब गुरुद्वारा को आम श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोल दिया गया है। हाल ही में आई बाढ़ से परिसर में 11 फीट तक पानी भर गया था, जिसके चलते गुरुद्वारा बंद करना पड़ा था। अब मरम्मत और सफाई का काम पूरा होने के बाद श्रद्धालु यहां दर्शन कर पा रहे हैं। हालांकि, भारतीय श्रद्धालुओं के लिए कॉरिडोर अब भी बंद है।

# जीएसटी की नई दरें लागू

## सामान सस्ते होंगे- पनीर, घी, साबुन, शैंपू के साथ कार, एसी की कीमतें घटीं



**नई दिल्ली।** जरूरत के सामानों पर आज यानी 22 सितंबर से अब केवल दो स्लैब में जीएसटी लगेगा- 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत। सरकार ने टैक्स सिस्टम को आसान बनाने के लिए ऐसा किया है। इससे आम जरूरत की चीजें जैसे UHT दूध, पनीर, घी और साबुन-शैंपू के साथ एसी, कार भी सस्ते होंगे।

जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 3 सितंबर को इसकी जानकारी दी।

### जीएसटी दर में क्या बदलाव हुआ है?

सरकार ने 3 सितंबर को बताया कि जीएसटी के 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के स्लैब को घटाकर दो कर दिया है। अब सिर्फ 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत का स्लैब होगा।

इसके अलावा, तंबाकू, पान मसाला, कार्बोनेटेड ड्रिंक और लग्जरी सामान जैसे बड़ी कारें, याट और पर्सनल इस्तेमाल के लिए विमान पर 40 प्रतिशत का स्पेशल टैक्स लगेगा।

कुछ सामान जैसे छेना, पनीर, रोटी, चपाती, पराठा पर अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। तंबाकू को छोड़कर नई दरें सभी सामानों पर कल 22 सितंबर से लागू होंगी।

### पुराने स्टॉक पर एमआरपी ज्यादा होगी, क्या ये भी सस्ता मिलेगा?

सरकार ने कहा है कि पुराने स्टॉक पर भले ही एमआरपी ज्यादा हो, लेकिन ये सामान भी नए रेट के हिसाब से ही मिलेंगे। ग्राहकों को घटाई गई जीएसटी दरों का फायदा देना होगा।

### क्या लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम कम होगा?

हां, सरकार ने लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया है। 22 सितंबर के बाद जो रिन्युअल प्रीमियम भरा जाएगा, उस पर भी जीएसटी नहीं लगेगा।

### जीएसटी बदलावों से कुछ सामान महंगे भी होंगे?

शौक और विलासिता की चीजों के लिए 40 प्रतिशत का नया स्लैब बना दिया गया है। इसमें पान मसाला, तम्बाकू जैसे प्रोडक्ट शामिल हैं।

इनके अलावा कुछ कार और बाइक्स भी 40 प्रतिशत टैक्स के दायरे में आएंगी। हालांकि ये गाड़ियां महंगी नहीं होंगी।

पहले इनपर 28 प्रतिशत जीएसटी के साथ 17 प्रतिशत तक सेस लगता था। यानी, कुल टैक्स 45 प्रतिशत था, जो घटकर 40 प्रतिशत हो गया है।

### होटल बुकिंग, फ्लाइट टिकट, सिनेमा टिकट भी सस्ते होंगे?

होटल के कमरों की बुकिंग, ब्यूटी और सेहत से जुड़ी सर्विसेज पर जीएसटी 18 प्रतिशत से कम करके 5 प्रतिशत कर दिया गया है।

वहीं 100 रुपए तक की सिनेमा टिकटों पर 5 प्रतिशत टैक्स लगेगा, जो पहले 12 प्रतिशत था। 100 रुपए से ज्यादा की टिकटों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

### अगर दुकानदार जीएसटी कटौती का फायदा न दे, तो क्या करें?

अगर दुकानदार प्राइस कट का फायदा ग्राहकों को नहीं देता है तो इसकी शिकायत कर सकते हैं। दोषी दुकानदारों पर जुर्माना या जेल की सजा भी हो सकती है। नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन 1800-11-4000 पर शिकायत कर सकते हैं। CBIC की जीएसटी हेल्पलाइन 1800-1200-232 पर भी कॉल कर सकते हैं। नेशनल एंटी प्रॉफिटियरिंग अथॉरिटी की वेबसाइट पर शिकायत कर सकते हैं। वेबसाइट पर शिकायत में बिल की कॉपी, दुकानदार का नाम, पता देना होगा।

# यूपी के लखीमपुर में नदी के कटान में घर बहा

## राजस्थान में लौटते मानसून से चित्तौड़गढ़ में सबसे ज्यादा बारिश



**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** देश के 4 राज्यों राजस्थान, पंजाब, गुजरात और हरियाणा से वापसी के बीच मध्य प्रदेश में मानसून जमकर बरस रहा है। मध्य प्रदेश में शनिवार को 25 जिलों में बारिश हुई।

उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी, बलिया, गोंडा समेत 8 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। लखीमपुर-खीरी में 24 घंटे में 8 मकान नदी में समा गए हैं। राजस्थान में भी शनिवार को जाते हुए मानसून के बीच तेज बारिश हुई।

हिमाचल प्रदेश में इस बार मानसून जमकर बरसा है। हालांकि, अब इसकी विदाई का दौर शुरू हो गया है। 20 जून से 20 सितंबर तक बारिश और उससे जुड़ी घटनाओं में 427 लोगों की मौत हो चुकी है।

मौसम विभाग ने रविवार को मध्य प्रदेश, गुजरात और उत्तराखंड समेत 21 राज्यों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। तेलंगाना-अंडमान में भी आंधी तूफान की चेतावनी है।

### दिल्ली में रविवार को न्यूनतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज

देश की राजधानी दिल्ली में रविवार को न्यूनतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आसमान मुख्य रूप से साफ रहने का अनुमान जताया है। अधिकतम तापमान लगभग 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। यहां आने वाले दिनों में भी इसी तरह का मौसम बने रहने की उम्मीद जताई जा रही है।

# अमेरिका बोला- एच-1बी की बढ़ी फीस एक बार ही लगेगी

## एप्लिकेशन के समय 88 लाख देने होंगे; अभी 3 साल के लिए करीब 6 लाख देने होते थे

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी एच-1बी वीजा फीस बढ़ाकर 1 लाख डॉलर (करीब 88 लाख रुपए) करने के फैसले पर ट्रम्प प्रशासन ने शनिवार देर रात स्पष्टीकरण जारी किया।

व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने एक्स पर लिखा- बढ़ी हुई फीस सिर्फ वन टाइम है, जो एप्लिकेशन देते समय चुकानी होगी।



एच-1बी वीजा के लिए पहले 5.5 से 6.7 लाख रुपए लगते थे। यह 3 साल के लिए मान्य होता था। इसे दोबारा फीस देकर अगले 3 साल के लिए रिन्यू किया जा सकता था। यानी अमेरिका में 6 साल रहने के लिए एच-1बी वीजा का कुल खर्च 11 से 13 लाख रुपए के करीब बैठता था।

व्हाइट हाउस ने यह तो कहा कि वीजा एप्लिकेशन के समय 88 लाख रुपए देने होंगे, लेकिन यह साफ नहीं किया कि अगले 3 साल के लिए वीजा रिन्यू कराते वक्त भी यह फीस दोबारा लगेगी या नहीं।

### 21 सितंबर के बाद दाखिल एप्लिकेशन पर ही लगेगी बढ़ी हुई फीस

लेविट ने कहा- बढ़ी हुई फीस केवल 21 सितंबर के बाद फाइल की जाने वाली वीजा एप्लिकेशन पर ही लागू होगी। इससे पहले दाखिल एप्लिकेशन और रिन्युअल पर बढ़ी हुई फीस नहीं लगेगी। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा एच-1बी वीजा होल्डर सामान्य तरीके से देश से बाहर आना-जाना कर सकते हैं।

# एकनाथ शिंदे का एक्स अकाउंट हैक हुआ

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट रविवार सुबह हैक कर लिया गया। हैकर्स ने उनके सोशल मीडिया हैंडल से पाकिस्तान और तुर्की के झंडों की तस्वीरें पोस्ट कीं । शिंदे के कार्यालय के अधिकारियों ने तुरंत साइबर क्राइम पुलिस को सूचना दी । उनकी टीम ने कहा- शिकायत के बाद 30 से 45 मिनट के अंदर अकाउंट का कंट्रोल हमें वापस मिल गया। महाराष्ट्र साइबर सेल इस मामले की जांच कर रहा है और हैकिंग के पीछे के लोगों की पहचान करने की कोशिश कर रहा है।

# छत्तीसगढ़ : करंट लगने से 3 कबड्डी खिलाड़ियों की मौत

### कोंडागांव में आंधी-तूफान से हादसा, टेंट उड़कर हाईटेंशन लाइन से टकराया; 6 चपेट में आए, 2 गंभीर

एजेंसी

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में करंट लगने से 3 कबड्डी खिलाड़ियों की मौत हो गई। बड़ेराजपुर ब्लॉक के ग्राम रावसवाही में कबड्डी मैच चल रहा था।

इसी दौरान मौसम बदला और अचानक तेज आंधी-तूफान आया। तभी मैदान में लगा टेंट उड़कर 11 केवी की बिजली लाइन से टकरा गया।

मामला विश्रामपुरी थाना क्षेत्र का है। घटना शनिवार (20 सितंबर) की रात की है। करंट की चपेट में कुल 6 लोग आए थे।

घटना के बाद ग्रामीणों ने सभी घायलों को तत्काल विश्रामपुरी अस्पताल पहुंचाया। जहां 2 की हालत गंभीर बनी हुई है।

### मृतकों में सभी कोंडागांव के रहने वाले-

सतीशकुमार नेताम (24 साल), गरांजीडीही
श्याम नेताम (25 साल), पांडे पारा
सुनील शोरी (25 साल), बांसकोट



### घायलों के नाम-

शिवम दास (16 साल), बांसकोट
सुविलाल मरकाम (25 साल), रावसवाही

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारती ने बताया कि 3 घायलों का इलाज जारी है। इनमें से 2 की स्थिति गंभीर है।

उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया जा रहा है।

### करंट प्रवाहित टेंट की चपेट में आए

जानकारी के मुताबिक ग्राम रावसवाही में नाइट कबड्डी का आयोजन किया गया था। बिजली लाइन के नीचे टेंट लगाया गया था। शनिवार रात मैच चल ही रहा था कि आंधी आई। टेंट उड़कर बिजली लाइन से टकरा गया। उसी टेंट का हिस्सा खिलाड़ियों पर गिर गया।

# तेलंगाना सीएम ने वास्तु दोष के कारण सचिवालय छोड़ा

## पुलिस कमांड सेंटर से काम कर रहे; सेक्रेटेरिएट की नई बिल्डिंग 650 करोड़ में बनी थी

एजेंसी

हैदराबाद। इन दिनों तेलंगाना के सबसे युवा मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी (55 साल) राज्य सचिवालय की नई बिल्डिंग में नहीं बैठ रहे हैं।

सीएम अपने सभी काम बंजारा हिल्स स्थित हाई सिक्योरिटी वाले तेलंगाना पुलिस कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से कर रहे हैं।

इसकी वजह सचिवालय की नई बिल्डिंग में मौजूद कुछ वास्तु दोष हैं। रेवंत से जुड़े एक वरिष्ठ अफसर ने भास्कर को बताया कि 650 करोड़ रुपए में बनी इस 7 मंजिला इमारत में



सीएम का भव्य दफ्तर है। मंत्रियों, मुख्य सचिवों समेत शीर्ष नौकरशाहों के भी दफ्तर यहीं हैं।

नई इमारत तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति के प्रमुख के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के समय तैयार हुई। उन्होंने 30 अप्रैल 2023 को इसका उद्घाटन किया। लेकिन, दिसंबर में वे विधानसभा चुनाव हार गए और रेवंत सीएम बन गए।

केसीआर ने भी वास्तु एक चलते ही नए सेक्रेट्रिएट का निर्माण कराया था। उनका मानना था कि पुराने सेक्रेट्रिएट की बिल्डिंग वास्तु के अनुसार नहीं बनी थीं। बतौर सीएम अपने दो कार्यकाल में वे करीब 24 बार ही पुराने सेक्रेट्रिएट आए थे। वे ज्यादातर काम अपने कैंप ऑफिस-सह-आवास प्रगति भवन से ही करते थे।

# कोलकाता में मैगजीन और कारतूस के साथ टीएमसी पार्षद गिरफ्तार

एजेंसी

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के एक पार्षद को रविवार को कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान में सवार होने की कोशिश करते समय उसके सामान में एक मैगजीन व 7.65 एमएम के छह कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया गया। तृणमूल कांग्रेस नेता का नाम शेख अमीनुल इस्लाम है, जो बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के पुजाली नगरपालिका के वार्ड संख्या 14 का पार्षद है। वह मुंबई के लिए एक घरेलू उड़ान में सवार होने वाला था। उसके सामान की स्कैनिंग के बाद हवाई अड्डे पर सुरक्षाकर्मियों को आग्नेयास्त्र मिले।

पार्षद इस बात का संतोषजनक जवाब नहीं दे सका कि वह कारतूस और मैगजीन क्यों ले जा रहा था और उन्हें ले जाने के लिए अधिकृत कोई दस्तावेज भी नहीं दिखा सका। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर स्थानीय पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले में तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।



### हैप्पी मॉर्निंग


पति ने पत्नी से बड़े ही प्यार से कहा - काश तुम शक्कर होती, कभी तो मीठा बोलती...
पत्नी- काश तुम अदरक होते, कसम से...जी भर के कूटती...!!!
पत्नी का जवाब सुन कर पति बेहोश



### शायरी

यहां तो सिर्फ गूंगे और बहरे लोग बसते हैं
खुदा जाने यहां पर किस तरह का जलसा हुआ होगा

### अर्थसार



संसेक्स:
82,626.23
-387.73 (0.47%)
निफ्टी:
25,327.05
-96.55

### मौसम



अधिकतम : 35 डिग्री से0
न्यूनतम : 25 डिग्री से0
सूर्योदय मंगलवार : 6 : 17
सूर्यास्त सोमवार : 6 : 28

# पंजाब के पूर्व मंत्री हरमेल टोहड़ा का निधन

- मोहाली में ली अंतिम सांस, 77 वर्ष के थे, 23 सितंबर को अंतिम संस्कार

**पंजाब।** पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री सरदार हरमेल सिंह टोहड़ा का आज शाम मोहाली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे 77 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। वे दिग्गज अकाली नेता और जत्थेदार स्वर्गीय गुरचरण सिंह टोहड़ा के दामाद थे।

हरमेल सिंह 1997 में डकाला (अब सनौर) विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए और कैबिनेट मंत्री बने। उनका अंतिम संस्कार 23



सितंबर, मंगलवार को सुबह 11 बजे उनके पैतृक गांव टोहड़ा में किया जाएगा।

हरमेल सिंह के परिवार में पत्नी बीबी कुलदीप कौर टोहड़ा, दो बेटे हरिंदरपाल सिंह टोहड़ा व कंवरबीर सिंह टोहड़ा और दो बेटियां डॉ. जसप्रीत कौर टिवाना व गुरमनप्रीत कौर शामिल हैं।

फरमान

## विहिप बोला- आयोजनों में एंट्री से पहले तिलक लगाकर हिंदू देवता की पूजा करनी होगी

# महाराष्ट्र के गरबा में लोगों पर गौमूत्र छिड़कने का फरमान

**नागपुर।** महाराष्ट्र में विश्व हिंदू परिषद ने नवरात्रि के दौरान गरबा आयोजनों को लेकर शनिवार को एक एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया है कि राज्य में गरबा कार्यक्रमों में सिर्फ हिंदुओं को जाने की इजाजत होगी। आयोजकों से एंट्री गेट पर आधार कार्ड की जांच करने की सिफारिश की गई है।

### विहिप ने कहा-

गरबा आयोजनों में सिर्फ हिंदुओं को ही एंट्री मिलनी चाहिए। गैर-हिंदू इनमें भाग न लें, इसके लिए लोगों को अंदर जाने से पहले तिलक लगाना होगा, हाथों पर रक्षा सूत्र बांधना होगा और किसी हिंदू देवता की पूजा करनी होगी। विहिप ने गरबा आयोजकों से कहा- नवरात्रि सिर्फ मौज-मस्ती का त्योहार नहीं है। यह एक धार्मिक आयोजन है जहां भक्त देवी-देवताओं की पूजा करते हैं। इसलिए, गैर-हिंदू गरबा-डांडिया कार्यक्रमों में शामिल नहीं होने चाहिए। बता दें कि इस साल नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू होकर 1 अक्टूबर तक चलेगा।



### विहिप बोला- गरबा देवी को प्रसन्न करने की एक पूजा पद्धति

विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीराज नायर ने समाचार एजेंसी से कहा- गरबा सिर्फ एक नृत्य नहीं, बल्कि देवी को प्रसन्न करने की एक पूजा पद्धति है। इसलिए केवल उन्हीं लोगों को इसमें भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए जो इन अनुष्ठानों में आस्था रखते हैं। नायर ने कहा कि यह सब इसलिए जरूरी है ताकि इन आयोजनों में सिर्फ हिंदू ही शामिल हों और लव जिहाद का कोई मामला न हो। कुछ दक्षिणपंथी संगठन इसका इस्तेमाल मुस्लिम पुरुषों के जरिए हिंदू लड़कियों और महिलाओं के धर्मांतरण के प्रयास का आरोप लगाने के लिए करते हैं।

### महाराष्ट्र के मंत्री बोले- आयोजकों को फैसला करने का अधिकार

महाराष्ट्र में एक तरफ जहां विपक्ष ने विहिप और संघ पर ऐसे फरमान जारी करके समाज में फूट डालने की कोशिश करने का आरोप लगाया है, वहीं महाराष्ट्र के मंत्री और सीनियर भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि आयोजक तय कर सकते हैं कि ऐसे आयोजनों में कौन शामिल होगा।

# संपादकीय

## नरेन्द्र मोदी : कायर प्रधानमंत्री और नफ़रत की राजनीति का मायाजाल



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### प्रस्तावना : लोकतंत्र का टूटा भरोसा

लोकतंत्र की असली ताक़त जनता और उसकी आवाज़ होती है। जब जनता का भरोसा टूटने लगे, तो प्रधानमंत्री का पद भी खोखला हो जाता है। नरेंद्र मोदी को जनता ने भारी जनादेश दिया था। उम्मीद थी कि वे देश को विकास और सम्मान की नई ऊँचाइयों तक ले जाएंगे। लेकिन पिछले एक दशक में मोदी सरकार ने जिस रास्ते का चुनाव किया, उसने भारत को नफ़रत, झूठ और विभाजन की राजनीति में उलझा दिया।

### झूठे वादों की विरासत

मोदी सरकार के सबसे बड़े वादे आज 'राजनीतिक चुटकुले' बन चुके हैं।
- हर साल 2 करोड़ रोजगार — CMIE के अनुसार, 2025 में भी बेरोज़गारी दर 8 प्रतिशत से ऊपर और युवाओं में 20 प्रतिशत से अधिक।
- हर खाते में 15 लाख रुपये — जुमले की परिभाषा।
- 'अच्छे दिन' — आज महंगाई और बेरोज़गारी आम जनता का बुरा दिन बना चुकी है।

महात्मा गांधी ने कहा था : 'सत्य ही ईश्वर है।' लेकिन यहाँ सत्ता ने झूठ को ही राजनीति का ईश्वर बना लिया।

### लोकतंत्र की गिरावट : अंतरराष्ट्रीय सबूत

भारत अब 'सबसे बड़ा लोकतंत्र' नहीं, बल्कि 'कमज़ोर लोकतंत्र' की मिसाल बन चुका है।
- Freedom House (2025): भारत "Partly Free" श्रेणी में।
- V-Dem Institute : भारत "Electoral Autocracy" यानी चुनावी तानाशाही।
- Reporters Without Borders (RSF) : प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में भारत की रैंक 180 देशों में 161 पर।
- Global Hunger Index (2024) : भारत 125 देशों में 111वें स्थान पर।

यह साफ़ प्रमाण है कि लोकतांत्रिक संस्थाएँ, मीडिया और नागरिक अधिकार लगातार गिरावट की ओर हैं।

### विपक्ष और आलोचना पर हमला

मजबूत सरकार आलोचना को सहती है। कायर सरकार उससे डरती है। मोदी सरकार ने आलोचना का जवाब संवाद से नहीं, बल्कि दमन से दिया।
- राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करना।
- किसान आंदोलनकारियों पर लाठीचार्ज और केस।
- सीएए विरोधी छात्रों को जेल में डालना।
- पत्रकारों और एनजीओ की फंडिंग रोकना।
- विपक्षी नेताओं पर ईडी-सीबीआई के छापे, पर सत्ता पक्ष पर चुप्पी।

**डॉ. भीमराव अंबेडकर ने चेताया था :** 'लोकतंत्र केवल संस्थाओं से नहीं, बल्कि उस भावना से चलता है जो आलोचना को सहने की क्षमता रखे।'

### वैश्विक तुलना : तानाशाही और तख़्ता पलट

भारत में जो हो रहा है, वही पहले कई देशों में हो चुका है।
- **तुर्की :** एर्दोगन ने मीडिया और विपक्ष को दबाकर सत्ता बचाई।
- **हंगरी :** विक्टर ओरबान ने न्यायपालिका को अपने हिसाब से बदल डाला।
- **रूस :** पुतिन ने विपक्षियों को जेल में डालकर लोकतंत्र को औपचारिकता बना दिया।

### लेकिन दूसरी ओर दुनिया ने यह भी देखा कि जब युवा और जनता उठ खड़े हुए, तो तानाशाहियों को टिकना मुश्किल हुआ

- **ट्यूनिसिया ( 2011 ) :** बेरोज़गारी और भ्रष्टाचार से तंग युवाओं ने राष्ट्रपति बेन अली को सत्ता से बाहर कर दिया।
- **मिस्र ( 2011 ) :** तहरीर स्क्वायर आंदोलन ने हुस्नी मुबारक की 30 साल पुरानी तानाशाही का अंत किया।
- **श्रीलंका ( 2022 ) :** महंगाई और आर्थिक संकट से जनता ने राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे को महल छोड़कर भागने पर मजबूर कर दिया।
- **नेपाल ( 2025 ):** सोशल मीडिया बैन और महंगाई से भड़के युवाओं ने संसद का घेराव किया, नतीजतन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा।
- **हांगकांग ( 2019 ) :** लोकतंत्र समर्थक युवाओं ने महीनों तक संघर्ष कर पूरी दुनिया को हिला दिया।

ये उदाहरण बताते हैं कि जब जनता और युवा सवाल पूछते हैं, तो कोई भी सरकार चाहे कितनी ताक़तवर क्यों न दिखे, टिक नहीं पाती।
75 साल का 'युवा' और भटकती पीढ़ी

### मोदी खुद को '75 साल का युवा' कहते हैं। लेकिन असलियत यह है :

- बेरोज़गारी ने युवाओं को निराश किया।
- शिक्षा और स्वास्थ्य का बजट घटा, पर धार्मिक आयोजनों और प्रचार पर करोड़ों खर्च हुए।
- युवाओं को रोजगार देने की बजाय ट्रोल आर्मी और भीड़ राजनीति का हिस्सा बना दिया गया।

**भगत सिंह ने कहा था :** 'युवा जब सवाल पूछना छोड़ दें, तो तानाशाही मजबूत होती है।'

### आर्थिक सच : खोखलेपन की पोल

- **असमानता :** ऑक्सफैम रिपोर्ट — 1 प्रतिशत अमीरों के पास 40 प्रतिशत से ज़्यादा संपत्ति।
- **महंगाई :** खाद्य वस्तुओं में 20 प्रतिशत तक की वृद्धि, पर आय स्थिर।
- **किसान संकट :** 10 सालों में लाखों किसान आत्महत्या।
- **रोज़गार :** CMIE के मुताबिक़ बेरोज़गारों की संख्या 3 करोड़ से ऊपर।

### जनता के आंदोलन और सरकार का रवैया

- **किसान आंदोलन :** एक साल तक संघर्ष के बाद सरकार को झुकना पड़ा।
- **CAA–NRC विरोध :** युवाओं और महिलाओं ने सड़कों पर मोर्चा संभाला, सरकार ने पुलिसिया दमन किया।
- **बेरोज़गार युवाओं का संघर्ष :** भर्ती परीक्षाओं में धांधली और देरी ने करोड़ों को प्रभावित किया।

इन आंदोलनों ने दिखाया कि जनता अब भी ज़िंदा है, लेकिन सत्ता जनता से डरी हुई है।

### निष्कर्ष : मायाजाल तोड़ने का समय

नरेंद्र मोदी मज़बूत प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि कायर प्रधानमंत्री साबित हुए हैं। उन्होंने लोकतंत्र की जगह तानाशाही का मार्ग चुना, नफ़रत को हथियार बनाया और झूठ को आधार। लेकिन इतिहास गवाह है — ट्यूनिसिया से श्रीलंका तक — कि जब युवा उठ खड़े होते हैं, तो सत्ता के मायाजाल टूट जाते हैं। भारत का भविष्य अभी भी जनता और खासकर युवाओं के हाथ में है। अगर युवा इस मायाजाल को तोड़ें, तो भारत को बचाया जा सकता है। लोकतंत्र केवल चुनाव नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और सच का नाम है। इसे बचाना हमारी पीढ़ी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

अग्रसेन जयन्ती- 22 सितम्बर, 2025

# आदर्श शासन-व्यवस्था और समाजवाद के प्रणेता थे अग्रसेन

- ललित गर्ग -




महाराजा अग्रसेन भारतीय संस्कृति और इतिहास के उन दिव्य शासकों में गिने जाते हैं जिनकी शासन-कीर्ति किसी एक युग तक सीमित नहीं रही। उनका लोकहितकारी चिन्तन कालजयी हो गया। उन्होंने न केवल जनता बल्कि सभ्यता और संस्कृति को भी समृद्ध और शक्तिशाली बनाया। उनकी विलक्षण एवं आदर्श शासक-प्रणाली और उसकी दृष्टि में सत्ता का हित सर्वोपरि न होकर समाज एवं मानवता सर्वोच्च था। वे कर्मयोगी लोकनायक तो थे ही, संतुलित एवं आदर्श समाजवादी व्यवस्था के निर्माता भी थे। उन्होंने अपने जीवन और दर्शन से मानवता को नई दिशा प्रदान की। वे केवल अग्रवाल समाज के ही शासक नहीं थे, बल्कि आदर्श समाज व्यवस्था के प्रणेता, गणतंत्र के संस्थापक, अहिंसा के पुजारी और शांति के दूत भी थे। आज जब हमारा समाज असमानताओं, हिंसा, स्वार्थ और राजनीतिक विघटन एवं विसंगतियों से जूझ रहा है, तब उनके विचारों और सिद्धांतों की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है।

महाराजा अग्रसेन अग्रवाल जाति के पितामह थे। धार्मिक मान्यतानुसार इनका जन्म मर्यादा पुरुषोतम भगवान श्रीराम की चौंतीसवी पीढ़ी में सूर्यवंशी क्षत्रिय कुल के प्रतापनगर के महाराजा वल्लभ सेन के घर में द्वापर के अन्तिमकाल और कलियुग के प्रारम्भ में आज से लगभग 5150 वर्ष पूर्व हुआ था। अग्रसेन महाराज वल्लभ के ज्येष्ठ पुत्र थे। महाराजा अग्रसेन के जन्म के समय गर्ग ऋषि ने महाराज वल्लभ से कहा था, कि यह बालक बहुत तेजस्वी है और बड़ा राजा बनेगा। इसके राज्य में एक नई शासन व्यवस्था का उदय होगा और हजारों वर्ष बाद भी इनका नाम अमर रहेगा। सचमुच उनका युग रामराज्य की एक साकार संरचना था जिसमें उन्होंने अपने आदर्श जीवन कर्म से, सकल मानव समाज को महानता का जीवन-पथ दर्शाया। वे एक प्रकाश स्तंभ थे, अपने समय के सूर्य थे जिनकी जन्म जयन्ती आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा अर्थात नवरात्री के प्रथम दिन यानी इस वर्ष में 22 सितम्बर, 2025 को मनाई जाएगी।

महाराजा अग्रसेन का शासन न्याय, समानता, करुणा और सहअस्तित्व पर आधारित था। वे केवल सम्राट नहीं थे, बल्कि एक दार्शनिक चिंतक और युगदृष्टा थे। उन्होंने 'राजा प्रजा का सेवक है' जैसी अवधारणा को व्यवहार में उतारा। उनका व्यक्तित्व हमें महावीर, बुद्ध और अशोक जैसे शांति दूतों की याद दिलाता है। उन्होंने हिंसा का त्याग कर अहिंसा, सहयोग और सामूहिकता को समाज की आत्मा माना। अपने क्षेत्र में सच्चे समाजवाद की स्थापना हेतु उन्होंने नियम बनाया कि उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले व्यक्ति की सहायता के लिए नगर का प्रत्येक निवासी उसे एक रुपया व एक ईंट देगा, जिससे आसानी से उसके लिए निवास स्थान व व्यापार का प्रबंध हो जाए। उन्होंने पुनः वैदिक सनातन आर्य संस्कृति की मूल मान्यताओं को लागू कर राज्य के पुनर्गठन में कृषि-व्यापार, उद्योग, गौपालन के विकास के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की पुनः प्रतिष्ठा का बीड़ा उठाया। इससे न केवल आर्थिक सहयोग की व्यवस्था बनी, बल्कि समाज में भाईचारे और साझा जिम्मेदारी की भावना भी विकसित हुई। यह सोच आज की आधुनिक 'कोऑपरेटिव सोसायटी' और 'कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी' की जड़ों में देखी जा सकती है। अग्रसेनजी का जीवन संदेश था-हिंसा से नहीं, शांति और सहयोग से ही स्थायी सुख संभव है। उन्होंने युद्ध और संघर्ष से दूर रहकर समाज में शांति और समन्वय का वातावरण बनाया। इसीलिए उन्हें शांति का दूत कहा गया। उनकी समाज व्यवस्था में ऊँच-नीच और भेदभाव का कोई स्थान नहीं था। अर्थव्यवस्था में ईमानदारी और पारदर्शिता सर्वोपरि थी और नारी को सम्मान एवं अधिकार प्रदान किए गए थे। आज जब समाज भ्रष्टाचार, हिंसा, असमानता और स्वार्थ की खाई में उलझा है, तब अग्रसेनजी के सिद्धांत हमें नई राह दिखाते हैं। राजनीति में उनका गणतांत्रिक दृष्टिकोण लोकतंत्र की शुचिता को पुनः स्थापित कर सकता है। वे केवल ऐतिहासिक चरित्र या इतिहास-पुरुष ही नहीं हैं, बल्कि वे आज भी समाज सुधार, शासन व्यवस्था और मानवीय मूल्यों के प्रेरणास्रोत हैं। महाराज अग्रसेन ने 108 वर्षों तक राज किया। एक निश्चित आयु प्राप्त करने के बाद कुलदेवी महालक्ष्मी से परामर्श पर वे आग्रेय गणराज्य का शासन अपने ज्येष्ठ पुत्र के हाथों में सौंपकर तपस्या करने चले गए। व्यक्ति, समाज, राष्ट्र तथा जगत की उन्नति मूल रूप से जिन चार स्तंभों पर निर्भर होती हैं, वे हैं- आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक व सामाजिक। अग्रसेनजी का जीवन-दर्शन चारों स्तंभों को दृढ़ करके उन्नत विश्व के नवनिर्माण का आधार बना है। लेकिन इसे समय की विडम्बना ही कहा जायेगा कि अगणित विशेषताओं से संपन्न, परम पवित्र, परिपूर्ण, परिशुद्ध, मानव की लोक कल्याणकारी आभा से युक्त महामानव महाराज अग्रसेन की महिमा से अनभिज्ञ अतीत से वर्तमान तक के कालखण्ड ने उन्हें एक समाज विशेष का कुलपुरुष घोषित कर उनके स्वर्णिम इतिहास को हाशिए पर डाल दिया है।

अग्रसेनजी सूर्यवंश में जन्मे। महाभारत के युद्ध के समय वे पन्द्रह वर्ष के थे। युद्ध हेतु सभी मित्र राजाओं को दूतों द्वारा निमंत्रण भेजे गए थे। पांडव दूत ने वृहत्सेन की महाराज पांडु से मित्रता को स्मृत कराते हुए राजा वल्लभसेन से अपनी सेना सहित युद्ध में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया था। महाभारत के इस युद्ध में महाराज वल्लभसेन अपने पुत्र अग्रसेन तथा सेना के साथ पांडवों के पक्ष में लड़ते हुए युद्ध के 10वें दिन भीष्म पितामह के बाणों से बिंधकर वीरगति को प्राप्त हो गए थे। इसके पश्चात अग्रसेनजी ने ही शासन की बागडोर संभाली। उन्होंने बचपन से ही वेद, शास्त्र, अस्त्र-शस्त्र, राजनीति और अर्थ नीति आदि का ज्ञान प्राप्त कर लिया था। उनका विवाह नागों के राजा कुमुद की पुत्री माधवी से हुआ। महाराजा अग्रसेन ने ही अग्रोहा राज्य की स्थापना की थी। उन्होंने अपने जीवन में कई बार कुलदेवी लक्ष्मीजी से यह वरदान प्राप्त किया कि जब तक उनके कुल में लक्ष्मीजी की उपासना होती रहेगी, तब तक अग्रकुल धन व वैभव से सम्पन्न रहेगा। उनके 18 पुत्र हुए, जिनसे 18 गोत्र चले।

समाज व्यवस्था उनके लिए कर्तव्य थी, इसलिए कर्तव्य से कभी पलायन नहीं किया तो धर्म उनकी आत्मनिष्ठा बना, इसलिए उसे कभी नकारा नहीं। महाराजा अग्रसेनजी की इसी विचारधारा का ही प्रभाव है कि आज भी अग्रवाल समाज शाकाहारी, अहिंसक एवं धर्मपरायण के रूप में प्रतिष्ठित है। अग्रसेनजी ने राजनीति का सुरक्षा कवच धर्मनीति को माना। राजनेता के पास शस्त्र है, शक्ति है, सत्ता है, सेना है फिर भी नैतिक बल के अभाव में जीवन मूल्यों के योगक्षेम में वे असफल होते हैं। इसीलिये उन्होंने धर्म को जीवन की सर्वोपरि प्राथमिकता के रूप में प्रतिष्ठापित किया। इसी से नये युग का निर्माण, नये युग का विकास वे कर सके। उनके युग का हर दिन पुरातन के परिष्कार और नए के सृजन में लगा था। एक बार अग्रोहा में बड़ी भीषण आग लगी। उस पर किसी भी तरह काबू ना पाया जा सका। उस अग्निकांड से हजारों लोग बेघरबार हो गये और जीविका की तलाश में भारत के विभिन्न प्रदेशों में जा बसे। पर उन्होंने अपनी पहचान नहीं छोडी। वे सब आज भी अग्रवाल ही कहलवाना पसंद करते हैं और उसी 18 गोत्रों से अपनी पहचान बनाए हुए हैं। आज भी वे सब महाराज अग्रसेन द्वारा निर्देशित मार्ग का अनुसरण कर समाज की सेवा में लगे हुए हैं। एक सर्वे के अनुसार, देश की कुल इनकम टैक्स का 24 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अग्रसेन के वंशजों का हैं। कुल सामाजिक एवं धार्मिक दान में 62 प्रतिशत हिस्सा अग्रवंशियों का है। देश की कुल जनसंख्या का मात्र एक प्रतिशत अग्रवंशज है, लेकिन देश के कुल विकास में उनका 25 प्रतिशत सहयोग रहता है। उस महामानव को राष्ट्र की सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब देश की बड़ी जन-कल्याणकारी योजनाएं उस महान शासक के नाम पर हो। उनकी जयंती हमें स्मरण कराती है कि यदि हमें एक सुखी, समृद्ध और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण करना है तो उनके आदर्शों को अपनाना होगा। वे हमें यह संदेश देते हैं कि संपत्ति तभी सार्थक है जब वह समाज के साथ बाँटी जाए, शक्ति तभी महान है जब वह सबके कल्याण में लगे और शासन तभी सफल है जब वह न्याय और करुणा पर आधारित हो।

# टाईम पास

हलवा खाना है तो तलवा चाटने का 'हुनर' सीखो,
सच को भूल जाओ, दरबार की 'डगर' सीखो।

सत्ता की चौखट पे झुकना ही इबादत है,
प्रधान पे कैसे हो तुम्हारे सलाम का 'असर' सीखो।

ईमान से पेट कहाँ भरता है इस दौर में,
रिश्वत और झूठ का लगाना 'शजर' सीखो।

शहंशाह की तरह बसर करनी हो गर ज़िंदगी,
तो जिल्ले-इलाही के कदमों में रखना 'ख़ुदर' सीखो।

मुफ़लिस की चीखें यहाँ दब जाती हैं शोर में,
दरबारी गीत से ज़ालिम कैसे बने 'कमर' सीखो।

सभी को चुकानी पड़ेगी क़ीमत इस उन्माद की,
वंदे मातरम् गाते रहो, देश की मत 'फ़िक्र' सीखो।

'जीत' इस दौर में सच्चाई कोठे पे बिकती है,
गर्दन पे चाहिए सर तो रहना बेख़बर सीखो।



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

## लॉफिंग ज़ोन

विवाह के बाद प्रेमी ने प्रेमिका से कहा कि देखो अब हमारी शादी हो चुकी है।

तुम्हारी कुछ बातें ऐसी हैं, जो मुझे पसंद नहीं आतीं... और मैं तुम्हें वह सब बता देना चाहता हूँ। तुम चाहो तो इन्हें अपनी कमजोरियाँ समझ सकती हो।

प्रेमिका- रहने दो! मुझे अपनी सारी कमजोरियाँ मालूम हैं। आखिर उन्हीं के कारण तो मैं अच्छा पति नहीं पा सकी। इसका मुझे बेहद अफसोस है।

□ □ □

एक मोहल्ले में चल रहे कवि सम्मेलन के दौरान एक कवि मंच पर हाजिर हुआ तो नीचे बैठे श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।

कवि बहुत ज्यादा उत्सुक था, उसने कहा- मेरे प्यारे श्रोताओं! अब मैं तुम्हे जो कविता आपको सुनाने जा रहा हूँ उसका शीर्षक है- पानी, आग और धुआँ।

भीड़ में से एक श्रोता चिल्लाया- अरे, तो सीधे-सीधे क्यों नहीं कहते कि हुक्का है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3658

**बायें से दायें:-**

१. शाहरूख, अपूर्व अग्निहोत्री, महिमा की 'किसी रोज तुम से' गीत वाली फिल्म-४
४. 'हम बेवफा हरगिज न थे' गीत वाली धर्मेन्द्र, जीनत अमान की फिल्म-४
६. विनोद मेहरा, रीना राय की 'दिल का तोहफा लाई हूँ' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मुझे दुनियावलों शरबी' गीत वाली दिलीपकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
११. अजय, सैफ, विवेक, करीना, बिपाशा की 'बीड़ी जलई' गीतवाली फिल्म-४
१३. 'आ ये हसीना रात' गीत वाली जीतेंद्र, आदित्य, एकता की फिल्म-४
१६. अक्षयकुमार, रवीना की 'क्यूं आँचल हमारा गिरा जा' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आँखों से दिल में' गीत वाली फराज खान, सुमन रंगनाथन की फिल्म-३
१८. दिलीपकुमार, सायरा की 'सारे शहर में आपसा कोई' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'रात दुल्हन बनी चाँद दूल्हा बना' गीत वाली जीतेंद्र, बिस्वजीत, माला सिन्हा, मुमताज की फिल्म-३
२३. धर्मेन्द्र, संजीव, शर्मिला की 'जिंदगी है क्या बोलो' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'दिल गम से' गीत वाली विजय, सुरैया की फिल्म जो सुरैया की अंतिम फिल्म थी-२
२६. संजयदत्त, उर्मिला की 'ओ भंवरे देखो हम दीवानों को' गीत वाली फिल्म-२
२७. आमिर, ममता कुलकर्णी की 'बाजी' में मुख्यमंत्री विश्वासराव चौधरी की भूमिका किसने की थी-२,३
२८. सनी, सुनील शेट्टी, शिल्पा की 'कोई परी आती नहीं' गीत वाली फिल्म-२
२९. फिल्म 'सात रंग के सपने' में अरविंद स्वामी के साथ नायिका कौन थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, शाहरूख, सुनील, रानी, जूही की फिल्म-३
२. 'दुनिया में ऐसा कहाँ सबका नसीब' गीत वाली फिल्म-३
३. नसीरूद्दीनशाह, पूजा भट्ट की फिल्म-२
४. 'आते जाते हुए मैं सब पे नजर' गीत वाली फिल्म-२
५. इंद्रकुमार, आयशा जुल्का की फिल्म-३
७. आर्यन वैद, सोनाली कुलकर्णी की मकरंद देशपांडे निर्देशित फिल्म-३
८. सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-२
१०. 'जादू तेरी नजर' गीत वाली फिल्म-२
११. अतीन भल्ला, संदली सिन्हा की फिल्म-२
१२. 'लम्हा लम्हा जिंदगी है' गीत वाली फिल्म-४
१३. मोहित अहलावत, निशा की फिल्म-२
१४. 'ये वादा करो चाँद' गीत वाली फिल्म-४
१५. मनोज बाजपेयी, रेखा, करिश्मा की फिल्म-३
१६. 'हम दर्द के मारों का इतना ही' गीत वाली फिल्म-२
२०. धर्मेन्द्र, संजीवकुमार, आशा की फिल्म-३
२१. 'जागे जागे नैनों में' गीत वाली फिल्म-३
२२. आफताब शिवदासानी, अमीषा पटेल, एशा देओल की फिल्म-४
२३. 'जब जब प्यार पे पहरा हुआ' गीत वाली फिल्म-३
२४. जीतेंद्र, श्रीदेवी की फिल्म-३
२५. 'इंतहा हो गई इंतजार की' गीत वाली अमिताभ, जया प्रदा की फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली- 3657**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| को | ह | ग | | ऑं | धी | | आ | नं | द |
| ह | | म | | खें | | जो | र | दा | र |
| ग | जा | जा | नी | | ध | र | ती | | मि |
| म | | ने | | क | र्मा | | | सा | या |
| | ग | | आ | | त्मा | | सा | ज | न |
| ग | स्ते | प्या | र | के | | श | | औ | |
| | का | | जू | | मे | ग | ध | र | म |
| स | प | ने | | दु | ला | ग | | आ | ह |
| | त्थ | | प्या | | | | स | वा | ल |
| प्या | र | का | सा | या | | सू | र | ज | |

## सूडोकु -3658

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -3657 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

## शब्द पहेली - 3658

**बाएँ से दाएँ**

1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**

2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

**शब्द पहेली -3657 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | ल | म | ल | | | र | ह | न | |
| चा | य | | हा | | जा | सू | स | | शा | म |
| दु | | | रा | श | न | | म | | | न |
| का | र | गु | जा | री | | का | | दु | का | न |
| र | | ना | | फ | न | का | र | | फि | |
| | चा | ह | | | | | | भ | ला | |
| | ह | | अ | च | क | न | | वं | | अ |
| क | त | रा | | र्म | | क | म | र | बं | द |
| म | | | व | | ला | ल | च | | | र |
| र | न | | ल | की | र | | ल | | आ | क |
| | म | ज | मा | | | अ | ना | या | स | |

# यूपीआईटीएस 2025 : हर जिला कहेगा अपनी कहानी

## ओडीओपी प्रदर्शनी में उत्पादों के जरिए हर जिला बताएगा अपनी पहचान, अपनी कहानी

गौतमबुद्धनगर। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो इस बार एक विशेष आकर्षण का गवाह बनेगा। हॉल नंबर 9 में लगने वाला ओडीओपी पवेलियन राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, शिल्प और कारीगरी को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करेगा। यहां हर जिले की अपनी पहचान और अपनी कहानी उसके सिग्नेचर प्रोडक्ट के जरिए जीवंत होती नजर आएगी। प्रदर्शनी में समूचे प्रदेश के उत्पादों से सजे कुल 343 स्टॉल्स लगाए जाएंगे, जो प्रदेश के साथ-साथ हर जिले की कहानी को बयां करेंगे। यूपीआईटीएस 2025 में ओडीओपी पवेलियन एक ऐसा मंच साबित होगा, जहां परंपरा और भविष्य साथ-साथ चलते दिखाई देंगे। यह न सिर्फ उत्तर प्रदेश की कला और शिल्पकला को वैश्विक पहचान दिलाएगा, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा देगा।

### लोकल से ग्लोबल का सपना होगा साकार

भदोही के कालीन, जो अपनी बारीक बुनाई और डिज़ाइन के लिए पूरी दुनिया में मशहूर हैं, इस पवेलियन की शोभा बढ़ाएंगे।

फिरोजाबाद की कांच की कारीगरी अपनी पारंपरिक चमक और आधुनिक डिजाइनों के साथ दर्शकों को आकर्षित करेगी। मुरादाबाद का मेटलवेयर अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहले से ही लोकप्रिय है और सहारनपुर की लकड़ी पर की गई नक्काशी भारतीय कारीगरों की अनुपम कला को दर्शाएगी।

इन उत्पादों के जरिए न सिर्फ जिलों की पहचान सामने आएगी बल्कि लोकल से ग्लोबल के सपने को भी नया आयाम मिलेगा।

### ग्लोबल मार्केटप्लेस जैसा मिलेगा अनुभव

ओडीओपी पवेलियन को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह एक ग्लोबल मार्केटप्लेस की तरह अनुभव देगा।

परंपरा, नवाचार और उत्कृष्टता का संगम यहां एक ही छत के नीचे देखने को मिलेगा। प्रदर्शनी में आगंतुकों को न सिर्फ उत्पादों की विविधता देखने का अवसर मिलेगा, बल्कि यह जानने का भी मौका होगा कि हर जिले का यह उत्पाद किस तरह वहां की संस्कृति, इतिहास और समाज से गहराई से जुड़ा हुआ है।

- भदोही से लेकर सहारनपुर तक और फिरोजाबाद से लेकर मुरादाबाद तक दिखेगी कला की झलक
- ग्लोबल मार्केटप्लेस का अनुभव देगा पवेलियन, स्टार्टअप्स और इंटरनेशनल बायर्स को साझा मंच
- प्रदेश की कला और शिल्पकला को मिलेगी वैश्विक पहचान, अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा देगा।

इस पवेलियन का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह स्टार्टअप्स, डिज़ाइनर्स और इंटरनेशनल बायर्स को एक साझा मंच उपलब्ध कराएगा। यहां व्यापारिक सौदों, नेटवर्किंग और भविष्य की साझेदारियों के नए अवसर खुलेंगे।

योगी सरकार का मानना है कि इससे स्थानीय उद्योगों और कारीगरों को सीधा वैश्विक मंच मिलेगा, जिससे उनकी पहचान और आमदनी दोनों बढ़ेंगी।

### सस्टेनेबिलिटी और इनोवेशन पर भी खास फोकस

सस्टेनेबिलिटी और इनोवेशन पर भी इस बार खास ध्यान दिया गया है। पारंपरिक शिल्प को आधुनिकता के साथ जोड़कर नई संभावनाओं को तलाशने की कोशिश होगी। इससे न केवल कारीगरों को आधुनिक बाजार की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी, बल्कि पर्यावरण को भी ध्यान में रखकर टिकाऊ उत्पादन की दिशा में कदम बढ़ाया जाएगा।

### इन उत्पादों के स्टॉल्स होंगे आकर्षण का केंद्र

* फिरोजाबाद का ग्लास आर्ट
* हाथरस की हींग
* हापुड़ की हैंडलूम बेडशीट, टेक्सटाइल फर्निशिंग
* गौतमबुद्ध नगर का टेक्सटाइल, ज्वेलरी
* मुरादाबाद का मेटल फर्नीचर
* बरेली का जरी जरदोजी
* आगरा की लेदर एसेसरीज
* मेरठ का स्पोर्ट्स प्रोडक्ट्स, मसाले
* कन्नौज का इत्र, इसेंशियल ऑयल
* कानपुर देहात के पीई पाइप्स
* वाराणसी का सिल्क और बनारसी साड़ी
* बाराबंकी का हैंडलूम
* कानपुर का लेदर प्रोडक्ट्स, सैडलरी गुड्स
* चित्रकूट के लकड़ी के खिलौने
* सीतापुर का हैंडलूम दरी
* भदोही और मिर्जापुर का कालीन
* गाजियाबाद का इंजीनियरिंग गुड्स
* लखनऊ का हैंडीक्राफ्ट चिकन इंब्रॉयडर्ड गारमेंट्स
* फतेहपुर का आयरन चूल्सा
* एटा के घुंघरू, घंटी और अन्य ब्रास
* मैनपुरी की ताकशी आर्ट
* फर्रूखाबाद का जरी जरदोजी
* संत कबीरनगर की होजरी
* जौनपुर की ऊनी दरी
* प्रतापगढ़ के आमला प्रोडक्ट्स
* संभल का रेशम आर्ट
* पीलीभीत का वुड प्रोडक्ट
* आजमगढ़ की सिल्क साड़ी
* बागपत का हैंडलूम
* औरैया का देसी घी और मिल्स प्रोडक्ट्स
* अमेठी का मूंज प्रोडक्ट
* झांसी का सॉफ्ट टॉयज
* कुशीनगर का केला
* सुल्तानपुर का मूंज क्राफ्ट
* सहारनपुर का वुडेन किचनवेयर
* प्रयागराज का मूंज क्रॉफ्ट, अचार
* मथुरा के ठाकुर जी की पोशाक

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

## संबंधित सभी विभागों को विभागवार ड्यूटी रोस्टर उपलब्ध कराने के दिए गए निर्देश

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट सभागार में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 की तैयारियों को लेकर आज जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों संग समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।



जिलाधिकारी ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो प्रदेश की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ आयोजन है। इसे सफल बनाने के लिए सभी विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का समयबद्ध व समन्वित तरीके से निर्वहन करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा कार्यक्रम को भव्य और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराना हम सबकी प्राथमिकता है। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी विभाग अपने-अपने ड्यूटी रोस्टर के अनुरूप कार्य का निर्वहन सुनिश्चित करें। नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों द्वारा ड्यूटी रोस्टर उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

होटल दरें निर्धारित दरों के अनुसार ही रहेंगी, जिसके लिए नोडल अधिकारी ग्रेटर नोएडा को जिम्मेदारी सौंपी गई। एआरटीओ को 100 बसों की सूची चालकों सहित उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। वहीं, हैलीपैड का कार्य समय से पूर्ण करने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी को दी गई।

फायर सेफ्टी एवं विद्युत आपूर्ति की व्यवस्थाएं संबंधित विभागों द्वारा सुनिश्चित की जाएंगी। स्टेज एवं हैलीपैड की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। अग्निशमन विभाग ने अपनी तैयारियों से जिलाधिकारी को अवगत कराया तथा ड्यूटी रोस्टर आदेश आज ही उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

ट्रैफिक विभाग ने यातायात व्यवस्था की रूपरेखा प्रस्तुत की और जिलाधिकारी द्वारा साइनेज की सूची उपलब्ध कराने, खराब वाहनों को हटाने हेतु प्वाइंट तय करने एवं जेसीबी-हाइड्रा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम की उपलब्धता भी ट्रैफिक विभाग द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।

# दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

## 10 दो पहिया वाहन बरामद, बाइक नहीं मिलने पर घर और स्टोर थे टारगेट



**नोएडा।** थाना सेक्टर-49 पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 10 दो पहिया वाहन बरामद किए गए। जिसमें तीन स्कूटी और 7 बाइक है। इन दोनों पर 13-13 मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने दोनों बदमाशों की जानकारी अन्य जनपद और राज्यों को भेजी है। ताकि जानकारी जुटाई जा सके। ये दोनों ही महज 5 से 10 सेकेंड में बाइक चोरी कर फरार हो जाते है।

इनके नाम आकाश और कासिम है। इन दोनों को पुलिस ने सेक्टर-50 से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि ये दिल्ली एनसीआर में दो पहिया वाहनों की चोरी करते है। चोरी करने से पहले योजना बनाते है।

इसके लिए वो उस स्थान का चयन करते थे जहां सीसीटीवी कैमरे न हो और लोगों का आवाजाही कम हो। चोरी करने के बाद ये राहगीरों के सस्ते दामों पर बाइक और पार्टस बेच देते है। यदि बाइक चोरी के लिए नहीं मिलती तो ये स्टोर और घर में घुसकर चोरी की घटना करते और चोरी का मॉल बेच देते है। इन दोनों दिल्ली एनसीआर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। ये दोनों हमेशा वॉट्सऐप कॉल पर ही बात करते है। ताकि इनको ट्रेस नहीं किया जा सके। चोरी करने के बाद ये बाइक को अपने ठिकानों पर छिपा देते है। इसके बाद ग्राहक मिलने पर उसे सस्ते दाम पर बेच देते है। इनके पास से 1300 रुपए नकद भी मिले है।

# नोएडा में अवैध संबंध के शक में महिला की हत्या

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के दादरी में एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना रामपुर फतेहपुर गांव की है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी सोनू शर्मा (36) बुलंदशहर के वीरखेड़ा गांव का रहने वाला है। वह रामपुर फतेहपुर में किराए के मकान में रहता था। उसने अपनी पत्नी चंचल शर्मा (28) पर अवैध संबंधों का शक करता था। इसी शक में उसने पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया और उसे मौत के घाट उतार दिया।

सूचना मिलते ही दादरी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। उसके पास से हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है। मृतका के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है।

# किसानों पर लगे झूठे मुकदमों के विरोध में आंदोलन

## 25 सितंबर को किसान एकता संघ करेगा ग्रेटर नोएडा कलेक्ट्रेट का घेराव

**जेवर।** किसान एकता संघ ने किसानों पर लगे झूठे मुकदमों के विरोध में 25 सितंबर को सूरजपुर कलेक्ट्रेट का घेराव करने का निर्णय लिया है। यह फैसला रविवार को उस्मानपुर गांव में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता निसार खान ने की, जबकि संचालन प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने किया।

संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (युवा) विक्रम नागर ने बताया कि वे गांव-गांव जाकर लोगों से महापंचायत में शामिल होने की अपील करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सोरन प्रधान ने कहा कि किसानों की मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने इसे किसानों के हक की लड़ाई बताया।



बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए आसिफ अली को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया। कई नए कार्यकर्ताओं को तहसील और ग्राम इकाइयों में शामिल किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति ईमानदारी से कार्य करने की शपथ ली।

बैठक में देशराज नागर, मोहन पाल नागर, कृष्ण बैंसला, नरेंद्र नागर, आसिफ प्रधान, भूपेंद्र नागर, शौकत अली चेची, उम्मेद एडवोकेट समेत कई प्रमुख सदस्य मौजूद थे।

# शार्ट न्यूज

## कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के सुराजपुर थाना क्षेत्र में तिलपता के पास हिट एंड रन का मामला सामने आया। एक सफारी गाड़ी ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। चालक मौके से फरार हो गया। पीछे चल रहे एक कार सवार ने घटना को रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। सूरजपुर पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया। गाड़ी नंबर के आधार पर चालक को पकड़ लिया। पुलिस ने गाड़ी को भी कब्जे में ले लिया है। बाइक सवार गिरने के बाद भी उसने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई। पुलिस से भी संपर्क नहीं किया। पुलिस ने वीडियो वायरल होने के बाद स्वत॰संज्ञान लिया। बताया जा रहा है कि उसको बाइक से गिरने के बाद हल्की-फुलकी चोट आई थी इसी के चलते उसने कोई भी शिकायत नहीं की। पुलिस ने बताया कि वायरल वीडियो में सफारी से टकराकर बाइक सवार गिर गया था।

## ग्रेटर नोएडा में शांति समिति की बैठक

**जेवर।** दनकौर कोतवाली में रविवार शाम को आगामी त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। एसीपी अरविंद कुमार और कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा। झांकी के दौरान डीजे की आवाज नियंत्रित रखने का निर्णय लिया गया। इससे आम जनता को किसी तरह की असुविधा नहीं होगी। अधिकारियों ने सभी आयोजकों से कानून व्यवस्था का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करें। बैठक में दनकौर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक सिंह समेत कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## कब्र में दफनाए युवक के मामले में नया मोड़

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र में एक युवक की मौत का मामला नए मोड़ पर पहुंच गया है। अट्टा फतेहपुर गांव के 23 वर्षीय शहजाद की 3 सितंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। घटना के दिन शहजाद कुछ लोगों के साथ जंगल में बाढ़ का पानी देखने गए थे। वह ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर पहुंचे। वहां एक ट्रक की टक्कर से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम का प्रस्ताव रखा। परिजनों ने इसे हादसा मानकर पोस्टमॉर्टम से मना कर दिया और शव को दफना दिया। अब मृतक के पिता शमशेर ने पड़ोसी डेरीन खूबन गांव के तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि आरोपी घटना के समय मौके पर थे और बाद में फरार हो गए। कुछ दिन पहले दनकौर मेले में शहजाद का इन लोगों से झगड़ा हुआ था। परिजनों का मानना है कि इसी रंजिश में हत्या की गई।

## ग्रेटर नोएडा में युवक पर हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक पर लोहे की रॉड से हमला किया गया। भट्टा गांव के रहने वाले भगवत उर्फ राजेश को पड़ोस के चार लोगों ने घायल कर दिया। पीड़ित को ग्रेटर नोएडा के अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। पीड़ित के पिता रनवीर शर्मा ने बताया कि शुक्रवार रात को मोहित नाम का युवक उनके बेटे को बहाने से अपने साथ ले गया। कुछ दूर जाकर मोहित ने अपने भाई, पिता और एक अन्य परिवार के सदस्य के साथ मिलकर हमला कर दिया। राहगीरों ने परिवार को इस घटना की सूचना दी। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर आरोपी मोहित, उसके पिता जितेंद्र और सौरभ समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपियों से कोई पुराना विवाद नहीं था। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं।

## दादरी में 33 केवी सब स्टेशन का निर्माण होगा

**नोएडा ( गौतम बुद्ध नगर )।** ग्रेटर नोएडा के दादरी में स्थित बादलपुर में 14 करोड़ रुपए की लागत से 33 केवी बिजली सब स्टेशन का निर्माण होगा। बिजली विभाग ने यह निर्णय बढ़ती आबादी और क्षेत्र की जरूरतों को देखते हुए लिया है। इस सब स्टेशन से अच्छेजा और सादोपुर क्षेत्र के निवासियों को सीधा लाभ मिलेगा। वर्तमान में इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की गंभीर समस्या है। गर्मी के मौसम में कई बार दो-दो दिनों तक बिजली नहीं आने से लोगों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित होती है। स्थिति इतनी विकट हो गई थी कि स्थानीय निवासियों ने कई बार विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने सब स्टेशन पर धरना दिया और मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया और अधिकारियों को बंधक बना लिया। अब इस नए सब स्टेशन की निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा।

## यूपीआईटीएस 2025 : इंडिया एक्सपो मार्ट में लगेगा विकास और निवेश का महाकुंभ

**गौतमबुद्धनगर।** योगी सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश अब निवेश और औद्योगिक विकास का नया केंद्र बन चुका है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2025 में भी इसकी एक झलक देखने को मिलेगी। ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित होने वाले इस मेगा शो के मास्टर एग्जिबिशन लेआउट के अनुसार प्रदेश के प्रॉयरिटी सेक्टर्स, राइजिंग सेक्टर्स और चैंपियन सर्विसेज सेक्टर्स को विशाल क्षेत्रफल अलॉट किया गया है। मास्टर लेआउट के मुताबिक हॉल-1 से लेकर हॉल-8 तक और हॉल-15 बी2बी गतिविधियों के लिए, जबकि हॉल-9, हॉल-10 और हॉल-12 बी2सी के लिए अलॉट हैं। हॉल-11 और हॉल-14 को बी2बी और बी2सी दोनों का हब बनाया गया है।

# नोएडा में ‘मिशन शक्ति’ अभियान का आगाज

## महिलाओ में जागरूकता और महिला सशक्तिकरण संदेश देने के लिए निकाली गई जागरुकता रैली

**नोएडा। वकार सैफी।** मिशन शक्ति अभियान फेस-5 का आगाज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में किया गया, जिसका लाइव टेलीकास्ट नोएडा के सेक्टर 108 स्थित पुलिस कमीशनरेट में किया गया। शहर में ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर राजीव नरायण मिश्रा ने चार और दो पहिए वाहनों के साथ नगर में जागरूकता रैली को नोएडा के जीआईपी मॉल से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रैली शहर में घुमने के बाद उसका समापन नोएडा स्टेडियम में होगा।



बता दे कि 50 स्वयंसिद्धा स्कूटी और चार पहिया वाहन पर निकाली व इस रैली के माध्यम से महिलाओं में जागरूकता और महिला सशक्तिकरण संदेश दिया गया। पुलिसकर्मी महिलाओं को बता रहे है कि उनके साथ अगर किसी तरह का कोई अपराध या कोई घटना होती है, तो वह निस्संकोच होकर कैसे नोएडा पुलिस से संपर्क कर सकती हैं वहीं, इस मौके पर 50 स्वयंसिद्धा स्कूटी में तैनात महिला पुलिसकर्मी भीड़भाड़ वाले जगहों पर ड्यूटी देंगी और सुनिश्चित करेंगी कि वहां पर किसी तरह का कोई अपराध या कोई घटना तो नहीं हो रही है। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर का कहना है कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा मिशन शक्ति फेस-5 का शुभारम्भ किया गया है। उसी के क्रम में आज जीआईपी मॉल से एक महिला शक्ति, जो हमारे महिला लेडी पुलिस ऑफिसर्स हैं। इनके द्वारा एक बाइक रैली, शहर में एक अवेयरनेस के लिए निकाली गई जो प्रारंभ होकर नोएडा स्टेडियम तक गई और जो शहर के जो महत्वपूर्ण स्थान है वहाँ से उत्तरी गुजरेगी जो मुख्य उद्देश्य इसका है कि जो सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन जो मिशन शक्ति के जो मूल उद्देश्य है, उनकी पूर्ति क्रम में ये आयोजन किया जा रहा है।

उनका कहना है कि हर थाने में महिला सुरक्षा केंद्र विकसित किया गया है, महिलाओं को साथ हो रहे अपराध को लेकर नोएडा पुलिस बेहद सतर्क है. हर थाने में डेडीकेटेड महिला हेल्पडेस्क भी बनाई गई है, किसी भी महिला के साथ किसी तरह की कोई दुर्घटना होती है तो वह नोएडा पुलिस से संपर्क कर सकती है।

## गणेश पूजन के साथ रामलीला का मंचन शुरू होगा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी वन स्थित राधा कृष्ण पार्क और सेक्टर पाई वन स्थिति रामलीला मैदान में सोमवार से रामलीला का भव्य आयोजन की शुरुआत होगी, जिसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। रामलीला के मंचन की शुरुआत गणेश पूजन के साथ होगी। इसके बाद आगे के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। श्री राधा कृष्ण पार्क में रामलीला सेवा ट्रस्ट द्वारा रामलीला का भव्य मंचन किया जा रहा है। समिति के मीडिया प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि सोमवार को पहले दिन रामलीला का मंचन गणेश पूजन के साथ शुरू होगा, जिसके बाद रामायण पूजन, नारद मोह, सरवन कुमार का दृश्य दिखाया जाएगा। साथ ही और भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। जिसका आने वाले श्रद्धालु जमकर लुफ्त उठाएंगे। वहीं, रामलीला के मंचन से पहले ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी लोगों को बताया जाएगा। साथ ही, बच्चों के लिए भव्य मेले का भी आयोजन किया गया है।

# विविधता में एकता का उत्सव : ग्रेटर नोएडा में भव्य ओणम समारोह

**गौतमबुद्धनगर।** केरल एसोसिएशन ग्रेटर नोएडा द्वारा भव्य ओणम समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें केरल की परंपरा और आधुनिकता के अनोखे संगम के साथ-साथ संस्कृति पर गर्व और पर्यावरणीय जागरूकता का संदेश प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर प्रवासी समुदाय एकजुट होकर विविधता में एकता का जीवंत उदाहरण बना।

मुख्य अतिथि मेधा रूपम ने अपने संबोधन में केरल की अटूट सांस्कृतिक धारा पर प्रकाश डाला। उन्होंने एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री टी.जी. विजयकुमार के योगदान को सराहते हुए उन्हें एक भाई समान व्यक्तित्व, जिनकी निष्ठा और उदारता सम्मान की प्रेरणा है बताया। गर्व के साथ उन्होंने कहा—मेधा रूपम को आप केरल से बाहर ले जा सकते हैं, लेकिन केरल को कभी भी मेधा रूपम से बाहर नहीं ले जा सकते।

विशिष्ट अतिथि एवं पूर्व केंद्रीय पर्यटन राज्य मंत्री श्री अल्फोंस कन्ननथानम ने ओणम के सर्वसमावेशी संदेश पर बल दिया। उन्होंने कहा—ओणम एकता का पर्व है, जो हमें यह याद दिलाता है कि धर्म, जाति अथवा रंग का कोई भेद नहीं है। हम सब समान हैं, सभी का सम्मान है।






यही कारण है कि हम ओणम मनाते हैं—भारत के लिए एकता और साथ रहने का सशक्त संदेश देने हेतु।

इस भाव को आगे बढ़ाते हुए अध्यक्ष श्री टी.जी. विजयकुमार ने कहा— ओणम मिलन का प्रतीक है। सभी धर्मों के लोग, यहाँ तक कि जिनकी कोई धार्मिक पहचान नहीं है, वे भी इस उत्सव में सहभागी होते हैं। यह केरल का अनूठा त्योहार है जो सभी को जोड़ता है।

हमें गर्व है कि मुख्य अतिथि मेधा रूपम ने केरल की संस्कृति पर प्रकाश डाला और इसे सहेजने एवं आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण ओणसद्या (पारंपरिक ओणम भोज) रहा, जिसे केले के पत्तों पर परोसा गया और जिसमें प्रामाणिक केरल व्यंजन सम्मिलित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में तिरुवातिराकली, भरतनाट्यम, मोहिनीयाट्टम और अन्य रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मोहित कर लिया। नदना तीर्था टेंपल ऑफ आर्ट्स एंड कल्चर, ग्रेटर नोएडा तथा मलयालम कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों ने उत्सव की रौनक को और बढ़ा दिया।

सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए केरल एसोसिएशन ने विशेष पेन मैनेजमेंट स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया। यथार्थ सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के सहयोग से हुए इस शिविर में न्यूरोलॉजिस्ट, आर्थोपेडिशियन, जनरल फिजिशियन तथा पेन विशेषज्ञों ने सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक नि: शुल्क परामर्श दिया।

कार्यक्रम का सफल समापन इस संदेश के साथ हुआ कि ओणम केवल एक फसल पर्व नहीं, बल्कि प्रवासी जनों के लिए समानता, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक सद्भाव का पर्व है।

# भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक पंचायत में उठे किसानों के ज्वलंत मुद्दे

## आवारा पशु, बाघों का आतंक और धान खरीद केंद्रों की मांग तेज, 23 सितंबर को बरेली महापंचायत में शामिल होने का आह्वान

**पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक पंचायत रविवार को किसान भवन मंडी समिति, पीलीभीत में आयोजित हुई। पंचायत की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री नेमचंद वर्मा ने किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलों मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।पंचायत को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने कहा कि किसान इस समय कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। आवारा पशुओं द्वारा फसलों को नुकसान, जंगली जानवरों एवं बाघों का आतंक किसानों और ग्रामीणों के लिए बड़ा संकट बना हुआ है। उन्होंने मांग की कि बाघों को जंगलों में ही सुरक्षित रखने के लिए ठोस प्रबंध किए जाएं और जंगल की संपूर्ण जाल फेंसिंग की जाए।उन्होंने यह भी कहा कि चालू धान खरीद सत्र में पर्याप्त संख्या में सरकारी धान क्रय केंद्र खोले जाएं, खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए तथा बारदाने और भुगतान की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्य



अतिथि मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलों ने प्रशासन और पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिले में पुलिस सत्ता के इशारे पर काम कर रही है। पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा है और दबंगों को संरक्षण दिया जा रहा है, जो बर्दाश्त योग्य नहीं है। उन्होंने विद्युत आपूर्ति में अवैध कटौती पर रोक लगाने, शेड्यूल के अनुसार बिजली उपलब्ध कराने और किसानों को समय से खाद एवं उर्वरक मुहैया कराने की मांग उठाई।

पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। साथ ही, उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से 23 सितंबर को बरेली के नेहरू युवा केंद्र में होने वाली महापंचायत में भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलों, जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित गंगवार, उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह, कोषाध्यक्ष नेमचंद वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष जयवीर लाल, उपाध्यक्ष दशरथ सिंह, मैकूलाल, सोनू शाह, इजहार, सरफराज, नन्हेंलाल वर्मा, ओंकार सिंह, रूपलाल, फूलचंद, दयाशंकर, गणेश प्रसाद, अलाउद्दीन, सखावत हुसैन, सक्षम गंगवार, चंद्रपाल, सोमवती, चंद्रकली, निर्मला, शशि अवस्थी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने किया गन्ना समिति पीलीभीत में सात दिवसीय सट्टा प्रदर्शन मेले का शुभारंभ

## गन्ना किसानों को मोबाइल पर मिल रही पर्ची, ऑनलाइन सेवाओं से मिल रहा लाभ

**पीलीभीत।** गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने सहकारी गन्ना विकास समिति, पीलीभीत में सात दिवसीय समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब गन्ना किसानों को पर्ची के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता, बल्कि उन्हें सीधे मोबाइल पर गन्ना पर्ची उपलब्ध हो जाती है। किसानों की सुविधा के लिए गन्ना कैलेंडर सहित सभी सूचनाएँ अब ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

मंत्री ने बताया कि आज गन्ना किसान गन्ना विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे जिला योजना, राष्ट्रीय



कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन और महिला स्वयं सहायता समूह से लाभान्वित हो रहे हैं। जनपद पीलीभीत एक गन्ना बाहुल्य जिला है, जहाँ एक लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल पर करीब 2.36 लाख किसान गन्ने की खेती कर रहे हैं। यहाँ के किसान पीलीभीत, बरखेड़ा, बीसलपुर, पूरनपुर चीनी मिलों के अलावा शाहजहाँपुर की निगोही, मकसूदापुर, बरेली की फरीदपुर तथा लखीमपुर जिले की गुलरिया और संपूर्णानगर चीनी मिलों को भी गन्ना आपूर्ति करते हैं।

मंत्री ने कहा कि किसानों की जो भी शिकायतें आ रही हैं, उनका निस्तारण कर उन्हें अवगत कराया जाएगा, साथ ही संचालक मंडल के सदस्यों को भी जानकारी दी जाएगी। आगामी पेराई सत्र में समय से चीनी मिलों का संचालन सुनिश्चित किया जाएगा।

जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने किसानों से अपील की कि वे आगामी शरदकालीन गन्ना बुवाई के लिए प्रदेश में स्वीकृत अगेती गन्ना किस्मों की ही बुवाई करें। इसके लिए किसान अभी से बीज ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक के माध्यम से आरक्षित करा लें। सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने किसानों से अनुरोध किया कि वे सट्टा प्रदर्शन मेले का लाभ अवश्य उठाएँ।

## उन्नाव में ऑटो ने बाइक को मारी टक्कर

# दवा लेने गई सास-बहू की मौत, बेटा गंभीर

**उन्नाव।** उन्नाव में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार की सास-बहू की मौत हो गई। बेटा गंभीर रूप से घायल है। घटना रविवार शाम को अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सधीरा गांव के पास हुई। माखी थाना क्षेत्र के मर्दनखेड़ा मजरा रुपऊ निवासी संदीप अपनी दादी फूला और मां शकुंतला को दवा दिलाने हसनगंज गया था। वापसी में सधीरा गांव के पास सामने से आ रहे ऑटो ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पीआरवी पुलिस ने संदीप और उसकी मां को जिला अस्पताल भेजा। दादी फूला को नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।




चिकित्सकों ने फूला को मृत घोषित कर दिया। संदीप और शकुंतला को जिला अस्पताल से रेफर किया गया। निजी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में शकुंतला की भी मौत हो गई। संदीप की हालत अभी नाजुक है। उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। कोतवाली पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आरोपी ऑटो चालक की तलाश कर रही है।

# ग्रेटर नोएडा में एक्सीडेंट में तीन छात्रों की मौत

## बुलेट से जा रहे थे, पानी के टैंकर से टकरा गए

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में थाना बीटा-2 क्षेत्र के चुहरपुर अंडरपास के पास एक्सीडेंट में तीन छात्रों की मौत हो गई। हादसा के समय वे बुलेट से खाना खाने जा रहे थे। तभी उनकी बाइक पेड़ों को पानी देने वाले टैंकर से टकरा गई।

मृतक छात्रों की पहचान स्वयं सागर (19), कुश उपाध्याय (21) और समर्थ पुंडीर (18) के रूप में हुई है। स्वयं सागर गाजियाबाद की पंचवटी कॉलोनी का रहने वाला था। कुश उपाध्याय गाजीपुर जिले के घमौर थाना क्षेत्र के खुदुरा का निवासी था। समर्थ पुंडीर बरेली की सैटेलाइट कॉलोनी का रहने वाला था। तीनों एक निजी विश्वविद्यालय में पढ़ते थे। हादसे के बाद तीनों को तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल ले जाया गया।

स्वयं सागर और कुश को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल समर्थ पुंडीर को दूसरे निजी अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसकी भी मौत हो गई।

पुलिस ने मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विश्व हिंदू रक्षा परिषद के पदाधिकारियों पर हुई तीन एफआईआर दर्ज

## धमकी, रंगदारी और हाईवे जाम कर आवागमन बाधित करने के गंभीर आरोप

**पीलीभीत।** विश्व हिंदू रक्षा परिषद की जिला इकाई पर कानून का शिकंजा कसता जा रहा है। बीते 24 घंटे के भीतर संगठन के जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं पर तीन अलग-अलग थानों में एफआईआर दर्ज की गई हैं। इन पर धमकी देने, रंगदारी मांगने, टनकपुर हाईवे पर जाम लगाकर आवागमन बाधित करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पुलिस अब आरोपियों पर और कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

अभिसूचना इकाई के दरोगा होरीलाल की तहरीर पर न्यूरिया थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। इसमें जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह, वरिष्ठ जिला महामंत्री गोपाल शर्मा, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष गौरव राणा, प्रभारी आशीष



लोधी, जिला संगठन मंत्री शुभम सक्सेना, जिला महामंत्री सूरज वर्मा, शैलेंद्र गंगवार, चिन्टू, प्रिंस भारद्वाज और जौली गुप्ता को आरोपी बनाया गया है।

आरोप है कि दरोगा द्वारा कॉल करने पर मुकदमा खत्म न करने पर संगठन पदाधिकारियों ने थाना फूंकने की धमकी दी और सरकारी कार्य में बाधा डाली। दरोगा प्रीतम सिंह की तहरीर पर सदर कोतवाली में दूसरी एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें विहिंरप जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह, गोपाल शर्मा, जौली गुप्ता, करणी सेना जिलाध्यक्ष रविंद्र ठाकुर, भाकियू टिकैत नेता धर्मेंद्र सिंह चौहान, अमित गंगवार, अकरम, अनु उर्फ खुशबू और अन्य अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज हुई है। इन पर टनकपुर हाईवे पर जाम लगाकर आवागमन बाधित करने और सरकारी कार्य में रुकावट डालने का आरोप है। बरेली जिले के नवाबगंज निवासी कैफे संचालक सुगजीत सिंह की ओर से तीसरी एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसमें जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह, आशीष लोधी, गौरव राणा, शिवम सक्सेना और प्रिंस बजरंगी को आरोपी बनाया गया है।

आरोप है कि इन लोगों ने उन्हें डरा-धमकाकर 60 हजार रुपये की रंगदारी वसूली। लगातार तीन एफआईआर दर्ज होने से संगठन की गतिविधियां सुर्खियों में हैं। पुलिस ने मामलों की जांच शुरू कर दी है और संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, आने वाले दिनों में और भी मुकदमे दर्ज होने की संभावना है।

# एसपी ने स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**ललितपुर।** मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं के प्रति संवेदनशीलता, सुरक्षा, स्वावलंबन व सम्मान को सुरक्षित करना ललितपुर पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है । महिला सम्बन्धी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 महोदय द्वारा प्रदेश में दिनांक 22.09.2025 से 30 दिवस का ''मिशन शक्ति फेज 5.0'' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के क्रम में दिनांक 21.09.2025 को समय 16.00 बजे पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर से स्कूटी रैली को हरी झण्डी दिखाकर



रवाना किया गया। स्कूटी रैली का नेतृत्व महिला थानाध्यक्ष स्वाती शुक्ला ने किया, जिसमें 57 स्कूटी, 26 अन्य वाहन पर सवार होकर कुल 127 महिला पुलिस अधिकारी/कर्माचारीगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। यह रैली पुलिस लाइन्स ललितपुर से प्रारम्भ होकर कलैक्ट्रेट चौराहा, तुवन चौराहा, घण्टाघर, सावरकर चौक, तालाबपुरा से तुवन चौराहा व वर्णी चौराहा होते हुए वापस पुलिस लाइन्स , ललितपुर में समाप्त हुई। उक्त जागरूकता रैली में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, व अन्य पुलिस अधि0/कर्म0गण द्वारा उपस्थित रहकर रैली शुभारम्भ में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया गया। उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा ग्राम/कस्बा/मौहल्ला/शिक्षण संस्थानों इत्यादि पर भ्रमण/चौपाल लगाकर छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों, वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर निरन्तर जागरूक किया जा रहा है।

# झांसी में बेकाबू ट्रक ने महिला को रौंदा, मौत

**झांसी।** झांसी में बेकाबू ट्रक ने एक महिला को रौंद दिया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। वह पति के साथ बाइक से मायके जा रही थी। पीछे से तेज गति में आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद महिला सिर के बल डिवाइडर पर जा गिरी। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसा नवाबाद थाना क्षेत्र के कोछाभांवर गांव के पास हुआ है। मृतका का नाम राजाबेटी (46) पत्नी रोशन सिंह राजपूत था। वह बड़ागांव थाना क्षेत्र के जौरी खुर्द गांव की रहने वाली थी। परिजनों ने बताया कि राजाबेटी के मायके में पठा था। शुक्रवार को वह पति के साथ बाइक से अपने मायके दिनारा गांव जा रही थी। जब वे कोछाभांवर गांव के पास पहुंचे तो पीछे से तेज गति में आ रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे रोजाबेटी बाइक से सिर के बल नीचे गिरकर घायल हो गई। उनको झांसी मेडिकल कॉलेज में एडमिट करवाया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। राजाबेटी की मौत के बाद घर में मातम छाया है।

## शादी का दबाव डाला तो नर्स को मार डाला

**बरेली।** कविता मेरे हॉस्पिटल में जॉब करती थी। हम दोनों में प्यार हुआ। हमने कमरे में उसकी मांग भरी। मगर वह कहती थी, अपनी पत्नी को तलाक दो और मुझसे कोर्ट मैरिज करो। फिर मैंने उसे रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। 16 सितंबर को उसका फोन आया। उसने कहा- मेरे पेट में दर्द है। मैं उसे बाहर लेकर गया। बर्गर खिलाया। फिर उसे बेहोशी के 2 इंजेक्शन लगाए। इसके बाद नेशनल हाईवे पर पाना से उसके चेहरे पर वार किए। पहचान न हो तेजाब डाला। फिर उसे न्यूड कर दिया। ताकि पुलिस को लगे कि रेप के बाद हत्या हुई है। यह कबूलनामा डॉ. श्रीपाल का है। जिसने साथ में काम करने वाली नर्स का मर्डर कर दिया। पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। वहीं नर्स की शनिवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल हथियार और बाकी सामान बरामद कर लिया। आरोपी डॉक्टर ने पुलिस पूछताछ में बताया कि हम दोनों में प्रेम प्रसंग है। इसकी जानकारी मेरी पत्नी को हो गई थी। पत्नी से मेरा झगड़ा होने लगा। पत्नी के कहने पर कविता को हॉस्पिटल से निकाल दिया। उसे संजय नगर में किराए पर एक कमरा भी दिलवा दिया। मगर मेरा पत्नी से आए दिन झगड़ा हो रहा था। इधर कविता लगातार शादी करने का दबाव डाल रही थी। मैं परेशान हो गया था। फिर 16 सितंबर को मैंने उसे अधमरा कर दिया। मुझे लगा वह मर गई। इसलिए मैं घर आकर सो गया।

# स्वच्छता ही सेवा पर्व : रणछोड़ धाम घाट पर आयोजित हुआ विशेष सफाई अभियान

**ललितपुर।** स्वच्छता ही सेवा पर्व के तहत ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाले रणछोड़ धाम घाट पर एक विशेष सफाई अभियान आयोजित किया गया।

जिला गंगा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वन विभाग और पंचायती राज विभाग ने संयुक्त रूप से भाग लिया, जिससे अभियान की सफलता को एक बहु-विभागीय समर्थन मिला। सफाई अभियान का उद्देश्य बेतवा नदी के किनारे स्थित इस पवित्र घाट की स्वच्छता सुनिश्चित करना तथा स्थानीय नागरिकों के बीच जागरूकता फैलाना था।

अधिकारियों, सफाई कर्मियों और उच्च प्राथमिक विद्यालय धौजरी के



स्कूली बच्चों ने मिलकर घाट से कचरा एकत्र किया और इसे साफ-सुथरा बनाया। ग्राम प्रधान धौजरी धीरज सिंह यादव और स्कूली बच्चों ने घाट के किनारे पौधारोपण किया।

उप प्रभागीय वनाधिकारी सतेन्द्र तोमर ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए आस-पास के हरित क्षेत्रों को साफ रखने और पौधारोपण के महत्व के बारे में जानकारी दी।

परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने कहा कि रणछोड़ धाम घाट का धार्मिक महत्व है और इसे साफ रखना नदियों की स्वच्छता के प्रति हमारे सामूहिक संकल्प को दर्शाता है।

ब्रिजेश तिवारी, जिला कंसल्टेंट स्वच्छ भारत मिशन ने ग्रामीणों को इस तरह के अभियानों से जोड़ने और गाँवों को स्वच्छ बनाने की दिशा में काम करने का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम में उप क्षेत्रीय वन अधिकारी मनीष गौड़, संतोष सिंह खंड प्रेरक, शैलेन्द्र कुमार सचिव, नीरज मिश्रा अध्यापक आदि मौजूद रहे।

# शार्ट न्यूज

## एसपी ने महिला पुलिसकर्मी को महिलाओं को जागरूक करने के दिए निर्देश



**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा पुलिस लाईन्स, ललितपुर के मीटिंग हॉल में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम के सम्बन्ध में मिशन शक्ति केन्द्र, जनपद ललितपुर की सभी महिला पुलिस अधि0/कर्म0गण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। रिजर्व पुलिस लाईन्स, ललितपुर में समस्त थानों पर तैनात मिशन शक्ति केन्द्र, ललितपुर में तैनात महिला अधि0/कर्म0गण को महिला अपराधों व उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने, शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे-वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 , सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे जागरूक करने तथा मिशन शक्ति अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

## मुजफ्फरनगर में कोबरा से खेलने में युवक की मौत

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में कोबरा के साथ वीडियो बनाना एक युवक को भारी पड़ा। युवक ने पड़ोसी के घर में निकले कोबरा का रेस्क्यू किया। फिर उसे गले में डालकर वीडियो बनवाने लगा। युवक कोबरा को वह बार-बार हवा में झुला रहा था। तभी कोबरा ने उसके गले और हाथ में डस लिया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो युवक नशे में था, इसलिए उसे सांप के काटने का आभास तक नहीं हुआ। सांप को बोरी में भरकर युवक अपने घर चला गया। करीब ढाई घंटे बाद जब हालत बिगड़ गई तो परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमॉर्टम कराया है। वहीं, वन विभाग की टीम ने सांप को अपनी सुपुर्दगी में लेकर उसे जंगल में छोड़ा है। घटना भोपा थाना क्षेत्र के मोरना गांव की है।

## महिला पुलिसकर्मियों ने निकाली स्कूटी रैली

**अयोध्या।** अयोध्या में रविवार को मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिला पुलिस कर्मियों ने भव्य स्कूटी रैली निकालकर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश दिया। पुलिस लाइन से आईजी प्रवीण कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। यह रैली रिजर्व पुलिस लाइन से शुरू होकर पुष्पराज चौराहा, रिकाबगंज, टेढ़ी बाजार चौराहा, श्रीराम मंदिर होते हुए रामकथा पार्क पर समाप्त हुई। आईजी ने बताया कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करना है ताकि वे अपने अधिकारों को पहचान सकें और हर परिस्थिति में आत्मविश्वास से खड़ी रह सकें। महिला पुलिस कर्मी गांव-शहर पहुंचकर लोगों को हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181, 102, 108, 1076 और 1930 की जानकारी देंगी। इसके साथ ही कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन, उज्ज्वला, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और आयुष्मान जैसी योजनाओं की जानकारी भी पंपलेट के जरिए दी जाएगी।

## मैनपुरी में नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म

**मैनपुरी।** मैनपुरी के कोतवाली कुरावली क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। 18 सितंबर को बाजार आई 16 वर्षीय छात्रा को एक युवक नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर होटल ले गया। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि उनकी पुत्री जब होश में आई तो वह अर्द्धनग्न अवस्था में थी। पास में एक युवक लेटा हुआ था। अत्यधिक रक्तस्राव के कारण पीड़िता को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसे सैफई अस्पताल रेफर किया गया। स्थिति में सुधार होने के बाद पीड़िता ने परिवार को पूरी घटना की जानकारी दी। रविवार को पीड़िता की मां ने कोतवाली पहुंचकर दो युवकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना कुरावली के जीटी रोड स्थित होटल व्हाइट हाउस की है। वहीं, पीड़िता का आरोप है कि आरोपी और उसके परिजनों को धमका रहे हैं।

## कानपुर देहात में करंट लगने से युवक की मौत

**कानपुर देहात।** सिकन्दरा थाना क्षेत्र के औड़ेरी गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। हाईटेंशन लाइन में विद्युत ट्रांसफार्मर बदलने के दौरान बिजली आपूर्ति अचानक चालू होने से संविदा कर्मी लाइनमैन की मौत हो गई। मृतक की पहचान रमऊ गांव निवासी सुनील कुमार (22) के रूप में हुई है। वह मुगीसापुर के दोहरापुर विद्युत उपकेंद्र में संविदा कर्मी के रूप में कार्यरत था। रविवार की देर रात को सुनील पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामसिंह के घर के पास जले ट्रांसफार्मर को बदलने गया था। सुनील पूरी सुरक्षा किट पहनकर काम कर रहा था। ट्रांसफार्मर बदलते समय अचानक हाईटेंशन लाइन में बिजली आपूर्ति चालू हो गई। इससे वह करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद तुरंत बिजली आपूर्ति बंद कराई गई। मृतक के बड़े भाई पंकज ने विद्युत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही को इस हादसे का कारण बताया है। दोहरापुर के अवर अभियंता प्रमोद कुमार ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है।

## 20 हजार का इनामी गो-तस्कर गिरफ्तार

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर में राजगढ़ थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने रविवार को एक बड़ी कार्रवाई की। टीम ने 20 हजार के इनामी गो-तस्कर रिंकू यादव उर्फ मुलायम यादव को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। आरोपी बिहार के कैमूर भभुआ जिले के चौनपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस को रेमरी जंगल, थाना राजगढ़ क्षेत्र में आरोपी की मौजूदगी की सूचना मिली थी। पुलिस टीम को देखकर आरोपी ने भागने की कोशिश की। उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली आरोपी के पैर में लगी। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के पास से एक तमंचा, एक जिंदा और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया। घायल आरोपी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ ले जाया गया। उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। स्थानीय थाने में आरोपी के खिलाफ पहले से दो मामले दर्ज हैं। इन्हीं मामलों में उस पर इनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष दया शंकर ओझा, निरीक्षक राजीव सिंह और प्रभारी एसओजी की टीम शामिल रही।

## यूपी मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन चुनाव संपन्न

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश मोटर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन की 31 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति 2025-2028 के चुनाव के लिए रविवार को मतदान सम्पन्न हुआ। मतदान सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चला। कुल 690 मतदाताओं में से 544 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस चुनाव में 31 पदों के लिए कुल 41 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था, लेकिन नामांकन प्रक्रिया के दौरान 5 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। इसके चलते अब 36 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं, चुनावी प्रक्रिया के दौरान एक गुट ने विरोध भी दर्ज कराया, जिसके चलते माहौल कुछ समय के लिए तनावपूर्ण रहा। हालांकि, प्रशासनिक सतर्कता और पुलिस की देखरेख में मतदान शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी कैलाश नाथ शर्मा ने बताया कि मतगणना कल सोमवार, 22 सितम्बर को सुबह 10 बजे से शुरू होगी। मतगणना स्थल पर सुरक्षा के सख्त इंतज़ाम किए गए हैं और पुलिस-प्रशासन की देखरेख में निष्पक्ष मतगणना सुनिश्चित की जाएगी। मतगणना पूरी होने के बाद 31 सदस्यीय निर्वाचित कार्यकारिणी समिति द्वारा पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### खुदाई के दौरान मिला 450 किलो का 100 साल पुराना जिंदा बम, मच गई अफरा-तफरी

**हॉन्ग कॉन्ग, एजेंसी।** हॉन्ग कॉन्ग में दूसरे विश्वयुद्ध का करीब 100 साल पुराना बम मिलने के बाद अफरा-तफरी मच गई। एक इमारत के निर्माण के दौरान जब भारी-भरकम बम मिला तो प्रशासन तुरंत ऐक्टिव हो गया और पूरा इलाका खाली करवा लिया गया। बम से मची दहशत के बीच करीब 6000 लोगों को उस इलाके से दूर भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक इस बम का वजन 450 किलो के आसपास है और इसकी लंबाई 1.5 मीटर है। पुलिस का कहना है कि बम बेहद खतरनाक है और इसे नष्ट करने के दौरान भी फटने का खतरा है। बम को डिस्पोज करने का अभियान तुरंतशुरू कर दिया गया था। स्थानीय मीडिया के मुताबिक आसपास की 18 बिल्डिंगों को खाली करवा दिया गया। इसके बाद पुलिस ने डोर टु डोर जाकर मुआयना किया कि कोई बचा तो नहीं है। बता दें कि दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान हॉन्ग-कॉन्ग और जापान के बीच भीषण युद्ध हुआ था। यहां अब भी कई बार खुदाई के दौरान फटे हुए बमों के अवशेष मिल जाते हैं। साल 2018 में इसी तरह का बम वान चाई जिले में पाया गया था। इसके बाद 1200 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना पड़ा था। इस बम को नष्ट करने में करीब 20 घंटे का समय लग गया था।

### ट्रंप का न्यूयॉर्क टाइम्स के खिलाफ मानहानि का मुकदमा खारिज

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका के फ्लोरिडा के एक संघीय न्यायाधीश ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क टाइम्स के खिलाफ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 1,32,117 करोड़ रुपये की मानहानि के मुकदमे को खारिज कर दिया। मुकदमे में टाइम्स के पत्रकार रस ब्यूटनर और सुजैन क्रेग की लिखी एक किताब और एक लेख का हवाला दिया गया है, जो ट्रंप के वित्त और राष्ट्रपति पद से पहले टेलीविजन कार्यक्रम द अप्रेंटिस में उनकी मुख्य भूमिका पर केंद्रित है। ट्रंप ने मुकदमे में कहा कि उन्होंने दुर्भावनापूर्ण तरीके से तथ्यहीन कहानी फैलाई कि टेलीविजन निर्माता मार्क बर्नेट ने ट्रंप को एक सेलिब्रिटी बना दिया। हालांकि, प्रकाशन के समय और उससे पहले प्रतिवादियों को पता था कि राष्ट्रपति ट्रंप पहले से ही एक मेगा-सेलिब्रिटी और व्यवसाय में एक बड़ी सफलता थे।

### ट्रंप का हमला, बोले- दुनिया के सबसे खराब मेयरों में से एक हैं सादिक खान

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लंदन के मेयर सादिक खान पर एक बार फिर निशाना साधा। उन्होंने एयरफोर्स वन में पत्रकारों से कहा कि खान को उनके सम्मान में आयोजित राज्य भोज में आमंत्रित न करने का अनुरोध उन्होंने खुद किया था। ट्रंप ने खान को दुनिया के सबसे खराब मेयरों में से एक बताया और उन पर अपराध व आप्रवासन में विफल रहने का आरोप लगाया। ट्रंप ने कहा, मैं नहीं चाहता था कि वे भोज में आएं। दौरे के अंत में ट्रंप और फर्स्ट लेडी मेलानिया का हेलिकॉप्टर तकनीकी समस्या के चलते स्थानीय हवाई अड्डे पर उतारा गया। इसके बाद वे दूसरे हेलिकॉप्टर से स्टानस्टेड एयरपोर्ट पहुंचे। व्हाइट हाउस ने कहा कि यह महज एहतियाती कदम था।

### रूसी जेट विमानों ने 12 मिनट तक हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया : नाटो

**एस्टोनिया, एजेंसी।** यूरोपीय देश और नाटो के सदस्य एस्टोनिया में शुक्रवार को रूसी सैन्य विमान काफी देर तक मंडराते रहे। हवाई क्षेत्र का उल्लंघन सुबह राजधानी ताल्लिन से 100 किलोमीटर दूर वैंडलू द्वीप के क्षेत्र में हुआ। इससे पहले 9-10 सितंबर की रात 20 से ज्यादा रूसी ड्रोन पोलिश हवाई क्षेत्र में घुसे थे। तब नाटो के विमानों ने उनमें से कुछ विमानों को मार गिराया था। हवाई क्षेत्र का यह उल्लंघन रूसी और बेलारूसी सैन्य बलों की ओर से जापद 2025 नामक संयुक्त सैन्य अभ्यास समाप्त होने के तीन दिन बाद हुआ है। एस्टोनिया सरकार ने कहा कि रूस के तीन मिग-31 लड़ाकू विमान बिना अनुमति के एस्टोनियाई हवाई क्षेत्र में घुसे थे।

### अमेरिका सीनेट ने माइक वॉल्ट्ज को संयुक्त राष्ट्र में ट्रंप का राजदूत मंजूर किया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सीनेट ने शुक्रवार को माइक वॉल्ट्ज को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका का अगला राजदूत नियुक्त करने की मंजूरी दे दी। इसके साथ ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कैबिनेट में पिछले आठ महीनों से खाली पड़ा अंतिम पद भर गया है। हालांकि, सीनेट ने उस अलग प्रस्ताव पर मतदान नहीं किया जिसमें वॉल्ट्ज को औपचारिक रूप से संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिका का प्रतिनिधि घोषित किया जाना था। वहीं, अभी यह भी स्पष्ट नहीं है कि न्यूयॉर्क में अगले हफ्ते होने वाले वार्षिक महासभा सत्र में वॉल्ट्ज किस रूप में भाग ले पाएंगे।

# अमेरिका एच 1-बी वीजा के लिए 88 लाख रुपए वसूलेगा : पहले 6 लाख रुपए तक लगते थे

### 8.8 करोड़ रुपए में स्थायी निवास; सबसे ज्यादा भारतीयों पर असर, राष्ट्रपति ट्रंप का बयान- एच 1-बी वीजा का दुरुपयोग राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि एच-1बी वीजा कार्यक्रम का दुरुपयोग राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। उन्होंने शुक्रवार को एक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसमें कुछ गैर-आप्रवासी कामगारों के अमेरिका में प्रवेश पर पांबदी लगाई गई है और वीजा का इस्तेमाल करके विदेश से कर्मचारी लाने पर कंपनियों पर हर साल एक लाख अमेरिकी डॉलर का भारी शुल्क लगाया है। यह फैसला भारत जैसे देशों से कामगार लाने वाली कंपनियों को प्रभावित करेगा। ट्रंप ने शुक्रवार को कुछ गैर-आप्रवासी कामगारों के प्रवेश पर प्रतिबंध नाम के घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए। इसमें कहा गया है कि जिन एच1-बी वीजा आवदेन के साथ एक लाख डॉलर का भुगतान नहीं किया गया है, उन कामगारों के अमेरिका में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। घोषणा में ट्रंप ने कहा, एच-1बी वीजा कार्यक्रम को अमेरिका में अस्थायी रूप से काम करने वाले कुशल लोगों के लिए बनाया गया था, लेकिन इसे जानबूझकर इस तरह इस्तेमाल किया गया कि अमेरिकी श्रमिकों को हटाकर कम वेतन वाले और कम कुशल विदेशी कामगारों को उनकी जगह पर रखा गया। उन्होंने कहा कि एच-1बी वीजा कार्यक्रम का दुरुपयोग राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा है। देश की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने उन



आउटसोर्सिंग कंपनियों की जांच की है, जो एच-1बी वीजा पर ज्यादा निर्भर हैं। इन कंपनियों पर विदेशी कामगारों को अमेरिका लाने के लिए वीजा धोखाधड़ी, धनशोधन की साजिश और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप हैं। ट्रंप ने कहा कि एच-1बी वीजा कार्यक्रम के दुरुपयोग के रोकने के लिए कंपनियों पर ज्यादा शुल्क लगाना जरूरी है, ताकि वे अस्थायी रूप से काम करने के लिए केवल सबसे कुशल कामगारों को ही नियुक्त करें। घोषणापत्र में कहा गया कि इस वीजा कार्यक्रम के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग ने अमेरिका की आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया है। इसलिए ऐसे विदेशी कामगारों का बिना किसी रोक-टोक अमेरिका में प्रवेश देश के हितों के खिलाफ होगा और इससे अमेरिकी कामगारों को वेतन कम होने जैसे नुकसान होंगे। ट्रंप ने आदेश दिया कि गृह सुरक्षा विभाग उन एच-1बी आवेदनों को स्वीकार न करे, जिनके साथ एक लाख डॉलर का भुगतान न किया गया हो और जो काम अमेरिका के बाहर के हैं। यह आदेश 21 सितंबर से अगले 12 महीनों तक प्रभावी रहेगा।

**इस कदम के पीछे व्हाइट हाउस दे रहा ये दलील :** राष्ट्रपति ट्रंप के इस फैसले को लेकर व्हाइट हाउस ने प्रतिक्रिया दी है। व्हाइट हाउस के स्टाफ सेक्रेटरी विल शार्फ का कहना है कि यह कदम अमेरिकी नौकरियों की रक्षा करने और वीजा प्रणाली के दुरुपयोग को रोकने के लिए उठाया गया है। उन्होंने कहा कि एच-1बी दुनिया का सबसे दुरुपयोग किया जाने वाला वीजा है। ऐसे में अब अमेरिका में सिर्फ वही लोग आएंगे, जो वास्तव में अत्यधिक कुशल हैं और उनकी जगह अमेरिकी कर्मचारी नहीं ले सकते।

**भारतीय होंगे सबसे ज्यादा प्रभावित :** अमेरिका के इस कदम से वहां रहने वाले भारतीय सर्वाधिक प्रभावित होंगे। इस बदलाव से अमेरिका में भारतीय आईटी इंजीनियरों की नौकरियों पर खतरा आएगा। वित्त वर्ष 2023-24 में दो लाख से ज्यादा भारतीयों ने एच1-बी वीजा हासिल किया था। भारत पिछले साल एच-1बी वीजा का सबसे बड़ा लाभार्थी था। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 से 2023 के बीच स्वीकृत वीजा में 73.7 फीसदी वीजा भारतीयों के थे। चीन 16 फीसदी के साथ दूसरे स्थान पर था। कनाडा 3फीसदी के साथ तीसरे स्थान पर, उसके बाद ताइवान (1.3फीसदी ), दक्षिण कोरिया (1.3फीसदी ), मैक्सिको (1.2फीसदी ) और नेपाल, ब्राजील, पाकिस्तान और फिलीपींस (सभी 0.8फीसदी ) हैं। ऐसे में अब नए आदेश के मुताबिक, विदेशी पेशेवरों को काम पर रखने वाली कंपनियों को हर साल सरकार को 1 लाख डॉलर का शुल्क देना होगा। यह तीन साल की वीजा अवधि और उसके रिन्यूअल में भी लागू होगा। यानी यदि ग्रीन कार्ड की प्रक्रिया लंबी होती है, तो कंपनियों को कई वर्षों तक यह बड़ी फीस चुकानी होगी।

# लीबिया के तट पर प्रवासियों से भरी नाव डूबी; कम से कम 19 लोगों की मौत, 42 लापता

**काहिरा, एजेंसी।** लीबिया के पूर्वी तट पर रबर से बनी एक प्रवासी नाव डूब गई। हादसे में कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 42 लोग लापता बताए जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (ढ्ढह्रू) ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को नाव डूबने के बारे में जानकारी दी। यह नाव 9 सितंबर को कंबाउट शहर के पास समुद्र तट से रवाना हुई थी और उसी दिन डूब गई थी। इसमें 70 से अधिक सूडान और दक्षिण सूडान के नागरिक सवार थे। ढ्ढह्रूके प्रवक्ता ने बताया कि 14 लोगों को पांच दिन बाद बचाया गया, जबकि 42 लोग अब भी लापता हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि बचे हुए लोग इतने दिनों तक समुद्र में कैसे जीवित रहे।

**प्रवासियों के लिए यूरोप पहुंचने का मुख्य रास्ता है लीबिया :** लीबिया लंबे समय से अफ्रीका और मध्य पूर्व से युद्ध और गरीबी से भाग रहे प्रवासियों के लिए यूरोप पहुंचने का मुख्य रास्ता रहा है। लीबिया रेड क्रिसेंट ने सोमवार (स्थानीय समयानुसार) को अपने फेसबुक पेज पर बताया कि उसे तोब्रुक प्रशासन से एक आपातकालीन कॉल मिला था, जिसमें कंबाउट समुद्र तट से शव बरामद करने की बात कही गई थी। रेड क्रीसेंट ने कई शव बरामद किए, लेकिन यह नहीं बताया कि वे वही



19 शव थे, जो ढ्ढह्रूकी रिपोर्ट में उल्लिखित थे या अलग।

**जुवारा के अधिकारियों ने कहा- उन्होंने 35 प्रवासियों को बचाया :** एक अलग घटना में, पश्चिमी लीबिया के तटीय शहर जुवारा के अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने पांच महिलाओं और एक बच्चे समेत 35 प्रवासियों को बचाया। जुवारा नौसेना संचालन बल के एक बयान के अनुसार, प्रवासी अबू कम्माश क्षेत्र के तट पर एक नाव पर सवार थे। यह बल पश्चिम में राजधानी त्रिपोली में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एकता सरकार का हिस्सा है।

इस महीने की शुरुआत में भी पलटी थी प्रवासी नाव लीबियाई अधिकारियों के मुताबिक, इस महीने की शुरुआत में भी लीबिया के तट पर एक प्रवासी नाव पलट गई थी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत और 22 लापता हो गए थे। तोब्रुक में तट रक्षक ने उस समय कहा था कि नाव में 32 प्रवासी सवार थे।

# संघर्ष विराम की कोशिशों के बीच इस्राइल को 6 अरब डॉलर के हथियार बेचेगा यूएस, ट्रंप प्रशासन की मंजूरी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** गाजा युद्ध को लेकर वैश्विक स्तर पर आलोचनाएं झेल रहे इस्राइल को अमेरिका छह अरब डॉलर के हथियार बेचने जा रहा है। ट्रंप प्रशासन ने इसकी अनुमति भी दे दी है। प्रशासन ने अमेरिकी कांग्रेस को इस बारे में सूचित किया है। ट्रंप प्रशासन ने बताया कि वह इस्राइल को लगभग 6 अरब डॉलर (करीब 50 हजार करोड़ रुपये) के हथियार बेचने की योजना बना रहा है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब गाजा युद्ध को लेकर इस्राइल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती आलोचना का सामना कर रहा है।

हथियारों को लेकर इस प्रस्ताव के तहत अमेरिका इस्राइल को 3.8 अरब डॉलर की कीमत के 30, Ⅱ-64 अपाचे हेलीकॉप्टर देगा। इसके अलावा, इस सौदे में 1.9 अरब डॉलर के 3,200 पैदल सेना के लिए बख्तरबंद वाहन शामिल हैं। प्रस्ताव के मुताबिक, इन हथियारों की आपूर्ति दो से तीन साल बाद या उससे भी अधिक समय में होगी। गौरतलब है कि यह सौदा ऐसे समय हो रहा है जब इस्राइल और हमास के बीच लगभग दो साल से चल रहा युद्ध हर बीतते दिन के साथ बढ़ता जा रहा है। इसे खत्म करने की अमेरिका की मध्यस्थता की कोशिशें भी ठप पड़ी हैं। हाल ही में दोहा (कतर) में हमास नेताओं पर इस्राइल के हमले के बाद मध्य-पूर्व में अमेरिकी सहयोगियों ने कड़ी निंदा की थी। इस्राइल की लगातार मदद कर रहा अमेरिका वहीं, दूसरी ओर अमेरिका अंतरराष्ट्रीय दबाव और कई डेमोक्रेट सीनेटरों की आपत्तियों के बावजूद लगातार इस्राइल को सैन्य मदद दे रहा है। इस साल इस्राइल के लिए ट्रंप प्रशासन ने अब तक करीब 12 अरब डॉलर की सैन्य सहायता को मंजूरी दी है। बीते जून में अमेरिका ने आधा अरब डॉलर के हथियारों की सप्लाई का सौदा किया था, जिसमें बम गाइडेंस किट शामिल थे।

# कोविड के टीके लगवाने को लेकर अमेरिका में विवाद स्वास्थ्य मंत्री के सलाहकारों ने पैदा की भ्रम की स्थिति

**अटलांटा , एजेंसी।** अमेरिका के स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट एफ. केनेडी जूनियर के नए टीका सलाहकारों ने इस बार कोविड-19 टीकाकरण को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा कर दी। उन्होंने किसी के लिए भी टीके की सिफारिश नहीं की और इसे लोगों की अपनी इच्छा पर छोड़ दिया कि वे टीका लगवाना चाहते हैं या नहीं।

अब तक ये टीके लगभग सभी अमेरिकियों को नियमित रूप से उपलब्ध कराए जाते थे, जो इसे लगवाना चाहते थे। हाल ही में अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने इस साल फाइजर, मॉडर्ना और नोवावैक्स टीके पर नई सीमाएं लगा दीं और इन्हें केवल 65 साल से ऊपर के लोगों या ऐसे युवाओं के लिए सुरक्षित रखा, जिन्हें वायरस से ज्यादा खतरा है।

रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र




(सीडीसी) के सलाहकारों ने कई बार मतदान के बाद यह फैसला लिया कि वे सीधे तौर पर टीकाकरण की सिफारिश नहीं करेंगे, बल्कि लोगों को खुद फैसला लेने देंगे। सलाहकारों के इस पैनल ने यह भी सुझाव दिया कि सीडीसी को टीके से जुड़े संभावित जोखिमों के बारे में स्पष्ट भाषा में जानकारी देनी चाहिए। इस पर बाहरी चिकित्सा समूहों ने विरोध जताया। उनका कहना था कि टीके की सुरक्षा का रिकॉर्ड अब तक अच्छा रहा है। पैनल ने इस बात को टाल दिया कि कोविड का टीका लेने के लिए लोगों को डॉक्टर की पर्ची (प्रिस्क्रिप्शन) जरूरी होगी या नहीं। अमेरिकी बाल चिकित्सा अकादमी के डॉक्टर सीन ओलोरी ने कहा कि यह फैसला बहुत ज्यादा अस्पष्ट है और अमेरिका के बच्चों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस सुझाव में टीके पर अविश्वास फैलाने की कोशिश साफ नजर आ रही है। उन्होंने कहा, यह बहुत अजीबोगरीब बैठक थी।

**मौत से बचाने में मजबूत सुरक्षा प्रदान करते हैं टीके :** कोविड-19 के टीके भले ही सौ फीसदी सही नहीं हैं। लेकिन सीडीसी के आंकड़े बताते हैं कि वे गंभीर संक्रमण और मृत्यु से बचाने में सबसे मजबूत सुरक्षा प्रदान करते हैं, भले ही व्यक्ति संक्रमित हो जाए। वायरस के रूप समय-समय पर बदलते रहते हैं, इसलिए लोग एक से अधिक बार कोविड का शिकार हो सकते हैं।

**केवल 44 फीसदी नागरिकों ने ली अपडेटेड खुराक :** फ्लू के टीकों की तरह कोविड-19 टीकों को अब हर साल अपडेट किया जा रहा है। लेकिन सीडीसी के मुताबिक, पिछले साल केवल 44 फीसदी वरिष्ठ नागरिकों और 13 फीसदी बच्चों ने कोविड टीकों की अपडेट की हुई खुराक ली। पैनल के एक सदस्य डॉ. कोडी मैइस्नर ने कहा, अगर आप ऐसे सुझाव देते हैं, जिसे लोग मानने वाले ही नहीं, तो वह समझदारी नहीं है। डॉ. मैइस्नर डार्टमाउथ कॉलेज से हैं।

# यूरेशिया ग्रुप के अध्यक्ष ने की पीएम मोदी की तारीफ बोले- अंतरराष्ट्रीय मंच पर ट्रंप को किया शर्मिंदा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** राजनीतिक विज्ञानी और यूरेशिया ग्रुप के अध्यक्ष इयान ब्रेमर ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद मई में भारत-पाकिस्तान तनाव बढ़ाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता के दावों को सार्वजनिक तौर से खारिज करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। शुक्रवार को एक साक्षात्कार के दौरान ब्रेमर ने इसे अन्य वैश्विक नेताओं की चुप्पी के उलट पीएम मोदी का साहसिक कदम करार दिया। ब्रेमर ने कहा कि ट्रंप का रवैया था, मैं ताकतवर हूं, राष्ट्रपति हूं,मेरी बात माननी होगी, लेकिन मोदी ने, चीन और रूस की तरह उनका सामना किया। पीएम मोदी ने साफ कहा कि अमेरिका की इसमें कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने यह कहकर ट्रंप को अंतरराष्ट्रीय मंच पर शर्मिंदा किया। ब्रेमर के मुताबिक, मोदी का यह फैसला सोचा-समझा था। इससे उन्हें घरेलू राजनीति में मजबूती मिली और उनकी अमेरिका से अलग स्वतंत्र छवि भी दिखी,जो अमेरिका के अधिकतर सहयोगी देशों में नहीं दिखती। उन्होंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर का उदाहरण देते हुए कहा कि स्टार्मर ने ट्रंप की नीतियों को नापसंद करने के बावजूद उन्हें खुश करने की कोशिश की ताकि बेहतर समझौते मिल सकें। वहीं अधिकतर नेता ट्रंप की तारीफों के पुल बांधते रहे,लेकिन मोदी ने उन्हें सबके सामने चुनौती दी और घरेलू स्तर पर फायदा उठाया। हालांकि, ब्रेमर ने कहा कि देखना होगा इसका असर दोनों देशों के सुरक्षा और आर्थिक रिश्तों पर पड़ता है या नहीं।

**अमेरिका-पाक रिश्तों में अनैतिक कारोबार की गंध :** ब्रेमर ने कहा कि ट्रंप का पाकिस्तान से नज़दीकी बढ़ाना असल में रणनीति नहीं बल्कि कारोबार था। ट्रंप परिवार और उनके करीबी लोग पाकिस्तान के साथ पैसों के सौदों में शामिल थे। इसे उन्होंने अनैतिक और अवसरवादी बताया। ब्रेमर ने सऊदी अरब और पाकिस्तान के रक्षा समझौते को अमेरिकी असफलताओं के खिलाफ एक सुरक्षा घेरा कहा। उन्होंने कहा कि इसमें परमाणु सहयोग भी शामिल हो सकता है। ब्रेमर ने बताया कि सऊदी का झुकाव पाकिस्तान की ओर तब बढ़ा जब अमेरिका ने इस्राइल को कतर पर बमबारी से रोकने या सजा देने में कुछ नहीं किया। कतर अमेरिका का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा रखता है और वहां हमले में एक कतरी नागरिक की मौत हुई। इससे सऊदी अरब इससे बेहद नाराज हुआ और उसने पाकिस्तान से रक्षा समझौता कर लिया। यूरेशिया ग्रुप के अध्यक्ष इयान ब्रेमर के मुताबिक,हाल ही में चीन में हुई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ लिमोजिन में बैठना सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं था। यह अमेरिका को सीधा संदेश था, खासकर उस समय जब वॉशिंगटन भारत को रूस से तेल खरीदने पर टैरिफ लगाने की धमकी दे रहा था।

# चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग ने टिकटॉक सौदे को मंजूरी दी, ट्रंप बोले- अब सिर्फ हस्ताक्षर होने बाकी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को बताया कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने टिकटॉक सौदे को मंजूरी दे दी है, जिससे यह वीडियो-शेयरिंग प्लेटफॉर्म अमेरिका में काम करना जारी रख सकेगा। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा, राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मेरी अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने टिकटॉक सौदे को मंजूरी दे दी है। हम इस सौदे के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं। हमें इस पर हस्ताक्षर करने होंगे, यह एक औपचारिकता हो सकती है। टिकटॉक सौदा जल्द ही होने वाला है और निवेशक तैयारी कर रहे हैं।

**अमेरिका का एप पर होगा कड़ा नियंत्रण :** ट्रंप ने आगे कहा कि अमेरिका का इस एप पर कड़ा नियंत्रण होगा। उन्होंने कहा कि यह अमेरिका के लिए बहुत अच्छा सौदा है। ट्रंप ने कहा, युवा इसे चाहते हैं, उनके माता-पिता भी इसे चाहते हैं। हम चीन के साथ एक डील करने में सफल रहे। यह हमारे लिए अच्छा सौदा है और उम्मीद है उनके लिए भी अच्छा होगा। अमेरिकी निवेशक इस पर नियंत्रण रखेंगे। मैं राष्ट्रपति शी जिनपिंग का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं, क्योंकि वे एक सज्जन व्यक्ति हैं। हमारे बीच अच्छे संबंध हैं।

**ट्रंप-जिनपिंग के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत :** ट्रंप और शी जिनपिंग के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई, जिसमें उन्होंने चीनी एप टिकटॉक समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। अमेरिका ने पहले एक




कानून पारित किया था, जिसके तहत चीनी कंपनी बाइटडांस को टिकटॉक की अमेरिकी हिस्सेदारी बेचनी थी, वरना 19 जनवरी 2025 से एप पर प्रतिबंध लगना था, लेकिन ट्रंप सरकार ने अभी तक इसे लागू नहीं किया है।

**बाइटडांस ने ट्रंप-जिनपिंग का किया धन्यवाद :** जिनपिंग-ट्रंप की बातचीत के तुरंत बाद बाइटडांस ने एक बयान जारी किया, जिसमें कंपनी ने कहा, हम राष्ट्रपति शी जिनपिंग और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का धन्यवाद करते हैं। टिकटॉक अमेरिका में उपयोगकर्ताओं की सेवा जारी रखेगा और हम चीनी कानून के अनुसार आवश्यक कदम उठाएंगे।

**अमेरिकी निवेशकों का 80 फीसदी होगा नियंत्रण :** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस समझौते के तहत अमेरिकी निवेशक टिकटॉक में 80 फीसदी हिस्सेदारी लेंगे, जबकि बाकी 20 फीसदी चीनी कंपनियों के पास रहेगी, जिनमें बाइटडांस भी शामिल है।

# अमेरिका ने किया गोल्ड कार्ड योजना का शुभारंभ, अमीरों के लिए खुले रास्ते

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका में स्थायी निवास के लिए गोल्ड कार्ड नाम की एक नई प्रीमियम आव्रजन (इमिग्रेशन) योजना शुरू की है। इस योजना के तहत दुनियाभर के अमीर लोगों को महंगे गोल्ड कार्ड के जरिए अमेरिका में स्थायी निवास का मौका दिया जाएगा, जिससे अमेरिकी खजाने को अरबों डॉलर की आमदनी हो सकती है। वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने शुक्रवार को इस योजना का एलान किया। उन्होंने कहा कि यह अमेरिका की आव्रजन नीति में एक बुनियादी बदलाव है, जिसमें अब उन आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो देश में बड़ा वित्तीय योगदान कर सकते हैं। गोल्ड कार्ड के लिए कितने पैसे चुकाने होंगे? गोल्ड कार्ड योजना के तहत अगर कोई व्यक्ति खुद के लिए अमेरिका में स्थायी निवास चाहता है, तो उसे एक मिलियन डॉलर (करीब 8.5 करोड़ रुपये) देने होंगे। वहीं, अगर कोई कंपनी अपने कर्मचारी के लिए गोल्ड कार्ड दिलवाना चाहती है, तो उसे प्रति कर्मचारी दो मिलियन डॉलर (करीब 17 करोड़ रुपये) चुकाने होंगे। यह योजना मौजूदा ईबी-1 और ईबी-2 श्रेणियों के तहत मिलने वाले रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड की जगह लेगी और इसकी शुरुआत में 80 हजार वीजा जारी किए जाएंगे। लुटनिक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया, अगर आप अमेरिका के लिए एक मिलियन डॉलर का योगदान दे सकते हैं, तो आप अमेरिका के लिए असाधारण महत्व वाले व्यक्ति साबित हो सकते हैं। यह माना जाएगा कि ऐसे लोग अमेरिका के लिए बेहद कीमती




साबित होंगे। गोल्ड कार्ड धारकों को विशेषाधिकार प्राप्त स्थायी निवासी का दर्जा दिया जाएगा, जिसके तहत उन्हें अमेरिका में स्थायी रूप से रहने और काम करने का पूरा अधिकार मिलेगा। साथ ही नागरिकता पाने का रास्ता भी खुल जाएगा। इसस योजना की एक महत्वपूर्ण शर्त यह है कि गोल्ड कार्ड धारकों को अपनी दुनियाभर की आय पर कर अमेरिकी सरकार को देना होगा, ठीक वैसे ही जैसे अमेरिकी नागरिक देते हैं। इसका मतलब है कि आवेदकों को अपनी वैश्विक आय पर अमेरिका में कर देना होगा, चाहे वे कहीं भी कमाई कर रहे हों। लुटनिक ने कहा, ग्रीन कार्डधारक को वैश्विक कर देना होगा और उसका कराधान अमेरिकी नागरिक या स्थायी निवासी की तरह किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह शर्त उन आवेदकों को हतोत्साहित कर सकती है, जिनके जटिल अंतरराष्ट्रीय लेन-देन हैं।

**आवेदक को सख्त जांच प्रक्रिया से गुजरना होगा :** अमेरिका दुनिया के कुछ ही देशों में से एक है, जो अपने नागरिकों और स्थायी निवासियों से उनकी पूरी वैश्विक आय पर कर (टैक्स) लेता है। इससे कुछ अमीर आवेदकों को दोगुने कर का सामना करना पड़ सका है, जो उनके देश के अमेरिका के साथ कर समझौतों पर निर्भर करता है। आवेदकों को अमेरिका की सबसे सख्त जांच प्रक्रिया से गुजरना होगा, जिसकी अतिरिक्त लागत 15 हजार डॉलर प्रति आवेदक होगी। यह जांच गृह सुरक्षा विभाग और विदेश मंत्रालय की ओर से की जाएगी। लुटनिक ने जोर देते हुए कहा, इसके लिए हम अब तक की सबसे कड़ी जांच करेंगे। इतने अधिक शुल्क का एक कारण यह भी है कि सुरक्षा जांच और भी सख्त होगी। इस योजना में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जोखिम वाले या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति को शामिल नहीं किया जाएगा, जैसाकि मौजूदा ग्रीन कार्य योजना में होता है। कंपनियों के लिए अपने हर कर्मचारी पर दो मिलियन डॉलर (करीब 17 करोड़ रुपये) का निवेश एक तरह से उन्हें कंपनी में बनाए रखने की रणनीति है। अगर कोई कर्मचारी कंपनी छोड़ देता है, तो उसका गोल्ड कार्ड तब तक मान्य नहीं रहेगा।

# एशिया कप में भारत की पाकिस्तान पर लगातार दूसरी जीत

**172 रन का टारगेट 18.5 ओवर में चेज किया; अभिषेक ने फिफ्टी लगाई**



दुबई। भारतीय टीम ने एशिया कप 2025 में पाकिस्तान पर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। टीम ने रविवार रात को सुपर-4 के दूसरे मैच में पाकिस्तानियों को 6 विकेट से हराया। भारत ने पाकिस्तान के विरुद्ध लगातार 7वां इंटरनेशनल मैच जीता है।

दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत ने 172 रन का टारगेट 18.5 ओवर में 4 विकेट पर हासिल कर लिया। तिलक वर्मा ने 19वें ओवर में शाहीन अफरीदी की बॉल पर छक्का, फिर चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई। वे 19 बॉल पर 30 रन बनाकर नाबाद लौटे। अभिषेक शर्मा ने 39 बॉल पर 74 रन बनाए। उनकी पारी में 6 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। अभिषेक ने शुभमन गिल (47 रन) के साथ 59 बॉल पर 105 रन की ओपनिंग साझेदारी की। इस साझेदारी ने भारत के रन चेज को आसान कर दिया।

टॉस हारकर बैटिंग कर रही पाकिस्तान ने 5 विकेट खोकर 171 रन बनाए। ओपनर साहिबजादा फरहान ने सबसे ज्यादा 58 रन बनाए। सईम अयूब और मोहम्मद नवाज ने 21-21 रन बनाए। भारत के लिए शिवम दुबे ने 2 विकेट लिए। हार्दिक पंड्या और कुलदीप यादव को 1-1 विकेट मिला।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

**भारत :** अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह।

**पाकिस्तान :** सईम अयूब, साहिबजादा फरहान, फखर जमान, सलमान अली आगा (कप्तान), फहीम अशरफ, तलत हुसैन, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रउफ और अबरार अहमद।

# सुपर-4 में हार के बावजूद श्रीलंका कप्तान ने की टीम की सराहना, कहा- ड्रेसिंग रूम इस बात से खुश




**स्पोर्ट्स डेस्क।** श्रीलंका के कप्तान चरित असलांका ने दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में एशिया कप 2025 के सुपर 4 के अपने पहले मैच में बांग्लादेश से चार विकेट से मिली हार के बावजूद अपनी टीम के प्रदर्शन की जमकर तारीफ की। श्रीलंका ने ग्रुप चरण में अफगानिस्तान के कड़े मुकाबले में जीत हासिल कर सुपर 4 में अपनी जगह पक्की की थी। बांग्लादेश के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने दासुन शनाका की दमदार पारी की बदौलत 20 ओवरों में 168 रन बनाए। मैच के बाद बोलते हुए असलांका ने स्वीकार किया कि टीम ने अच्छा संघर्ष दिखाया लेकिन वे अपनी पारी को और बेहतर तरीके से समाप्त कर सकते थे। असलांका ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'यह एक शानदार मैच था। हमने अंत तक संयम बनाए रखा लेकिन यह काफी नहीं था। अपनी बल्लेबाजी से थोड़ा खुश हूं, हम आखिरी 2 ओवरों में बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। हम 10-15 रन कम बना पाए। दासुन शनाका ने पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए वाकई अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने एक लंबा छक्का लगाया और ड्रेसिंग रूम लगभग 170 के स्कोर से खुश था।'

**श्रीलंका बनाम बांग्लादेश मैच रिपोर्ट**

सैफ हसन और तौहीद हृदयॉय के शानदार अर्धशतकों और अपने गेंदबाजों की धारदार गेंदबाजी की बदौलत बांग्लादेश ने एशिया कप सुपर-4 मैच में श्रीलंका को चार विकेट से हरा दिया। श्रीलंका ने दासुन शनाका के 37 गेंदों में 64 रनों की बदौलत सात विकेट पर 168 रन बनाए, लेकिन बांग्लादेश ने सैफ (45 गेंदों में 61 रन) और हृदयॉय (37 गेंदों में 58 रन) की शानदार पारियों की बदौलत 19.5 ओवर में 6 विकेट पर 169 रन बनाकर मैच जीत लिया।

# वैभव सूर्यवंशी ने फिर दिखाई अपनी पावर-हिटिंग, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगाए चौके-छक्के




**स्पोर्ट्स डेस्क (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ पहले यूथ वनडे में भारत के 225 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 14 वर्षीय सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर अपनी पावर-हिटिंग दिखाते हुए सहजता से चौके जड़ने का जलवा दिखाया। ओपनिंग करने उतरे सूर्यवंशी ने शुरुआत से ही ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण पर हमला बोला औरचौके जड़े। उन्होंने सिर्फ 22 गेंदों पर 7 चौकों और एक गगनचुंबी छक्के की मदद से 38 रनों की पारी खेली। इस किशोर खिलाड़ी ने हेडन शिलर और चार्ल्स लैचमंड का डटकर सामना किया, जो शुरुआती ओवरों में दबाव में थे।

भारत को जीत के लिए 225 रनों की जरूरत थी, और सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे ने शानदार शुरुआत दिलाई। सूर्यवंशी के आउट होने के बाद म्हात्रे (6) और विहान मल्होत्रा (9) सस्ते में आउट हो गए, यानी भारत ने 100 रन का आंकड़ा पार करने से पहले ही 3 विकेट गंवा दिए। ऑस्ट्रेलिया की पारी जॉन जेम्स की नाबाद 77 रनों की पारी के दम पर आगे बढ़ी, जिन्होंने शुरुआती विकेट गिरने के बाद निचले क्रम को संभाले रखा। हेनिल पटेल (3/38) और किशन कुमार (2/59) ने भारत की ओर से गेंदबाजी का नेतृत्व किया जबकि कनिष्क चौहान ने भी दो विकेट लिए।

मेजबान टीम 50 ओवर में 9 विकेट पर 225 रन ही बना सकी। सूर्यवंशी गेंदबाजों पर हावी होने की अपनी क्षमता से एक बार फिर मुकाबले में आकर्षण का केंद्र बन गए। उनकी पारी के वायरल वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गए और प्रशंसक क्रीज पर इस युवा खिलाड़ी के कौशल का जश्न मना रहे थे। भारत का लक्ष्य अब मध्य क्रम के बल्लेबाज़ों पर है, लेकिन शुरुआती बढ़त सूर्यवंशी के नाम रही।

# यशस्वी जायसवाल ने एशिया कप स्क्वॉड से नजरअंदाज किए जाने पर तोड़ी चुप्पी

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम का एशिया कप 2025 में प्रदर्शन शानदार रहा है। टीम ने लीग स्टेज के सभी मुकाबले जीतकर सुपर-4 में प्रवेश किया है, जहां उसका पहला मुकाबला पड़ोसी देश पाकिस्तान से होगा। भारतीय स्क्वॉड में अधिकांश खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन कुछ खिलाड़ियों को मेन स्क्वॉड में जगह नहीं मिली, जिनमें यशस्वी जायसवाल का नाम भी शामिल है। इस बीच, जायसवाल ने एशिया कप स्क्वॉड से नजरअंदाज किए जाने पर अपनी चुप्पी तोड़ी और कहा कि खिलाड़ियों का चयन चयनकर्ताओं के हाथ में होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह सिर्फ अपनी कड़ी मेहनत और प्रदर्शन पर ध्यान दे रहे हैं।



यशस्वी ने टेस्ट और आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन टी20 जैसे छोटे प्रारूप में भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए उन्हें अभी भी संघर्ष करना पड़ रहा है। एशिया कप के लिए टीम चयन के समय यशस्वी का नाम शामिल न होने से कई सवाल उठे थे। गौतम गंभीर के मुख्य कोच बनने और विराट कोहली तथा रोहित शर्मा के वरिष्ठ खिलाड़ियों के जाने के बाद टीम के ऊपरी क्रम में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने जिम्मेदारी संभाली। इसके अलावा, उपकप्तान के रूप में शुभमन गिल की एंट्री के बाद जायसवाल को भारतीय टीम में आने के लिए और लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

यशस्वी ने कहा, ये सब चयनकर्ताओं के हाथ में होता है। वे इसे टीम संयोजन के नजरिए से देखते हैं। मैं मेहनत जारी रखूंगा और मुझे पता है मेरा समय आएगा। तब तक, मैं खुद पर काम करता रहूंगा और बेहतर करता रहूंगा। 23 टी20 मैचों में यशस्वी ने 723 रन बनाए हैं, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 164.31 का रहा। इस दौरान उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक लगाए हैं। उनकी बल्लेबाजी की निरंतरता भारतीय टीम के लिए भविष्य में बड़ी ताकत साबित हो सकती है।

भारत ने शुक्रवार को ओमान को 21 रन से हराकर एशिया कप के ग्रुप लीग चरण का अंत जीत की हैट्रिक के साथ किया। अब भारतीय टीम 48 घंटे से भी कम समय में दुबई में सुपर 4 मुकाबले में पाकिस्तान से भिड़ेगी। इस मुकाबले में टीम का पूरा ध्यान जीत पर होगा, जबकि युवा खिलाड़ियों जैसे यशस्वी को अपने खेल को और निखारने का मौका मिलने का इंतजार रहेगा। यशस्वी की प्रतिक्रिया से साफ है कि वह निराश नहीं हुए हैं और अपने समय के इंतजार में मेहनत जारी रखेंगे, जिससे भविष्य में भारतीय टीम में उनकी वापसी निश्चित ही देखने को मिल सकती है।

# संजू सैमसन ने सूर्यकुमार यादव और गौतम गंभीर की टीम संस्कृति पर की बात, बताया कैसा है माहौल

नई दिल्ली। भारत के पसंदीदा विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में समानता और स्वतंत्रता का माहौल बनाने के लिए कप्तान सूर्यकुमार यादव और मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व को श्रेय दिया। बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में सैमसन ने बताया कि कैसे टीम संस्कृति ने खिलाड़ियों को खुद को और अधिक स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने में मदद की है। सैमसन ने कहा, 'मैं अपने टीम लीडर सूर्यकुमार और गौतम भाई (गौतम गंभीर) को इस बात का बहुत श्रेय देना चाहता हूं कि वे इस माहौल को कैसे बनाए रखते हैं। यह बहुत ही शांत वातावरण है। यह एक समान वातावरण है। सभी के साथ समान व्यवहार किया जाता है और टीम में सभी को समान महत्व दिया जाता है। मुझे लगता है कि इससे आपका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सामने आता है और इस प्रारूप में यही जरूरी है। पूरी तरह स्वतंत्र और जिम्मेदार होना। मुझे लगता है कि आप टीम को, टीम के साथी को आजादी कैसे देते हैं।' ओमान के खिलाफ सैमसन को बल्लेबाजी क्रम में तीसरे नंबर पर भेजा गया, जहां उन्होंने संयमित अर्धशतक लगाकर भारत की पारी को संभाला। वह क्रीज पर समय बिताने के मौके के लिए आभारी थे। उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो, मुझे लगता है कि क्रीज पर कुछ समय बिताने के लिए मैं वाकई आभारी हूं। मुझे लगता है कि मैं घर पर कुछ मैच खेल रहा हूं, लेकिन देश के लिए, एशिया कप के लिए, क्रीज पर कुछ समय बिताने से मुझे वाकई मदद मिली।'



# अश्विन ने मैच रैफरी को निशाना बनाने के लिए पीसीबी को आड़े हाथों लिया

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज स्पिनर रहे आर अश्विन ने मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की कड़ी आलोचना की है। पीसीबी ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट पर भारतीय टीम का साथ देने को आरोप लगाया था। भारतीय खिलाड़ियों के हाथ नहीं मिलाने के लिए पाइक्रॉफ्ट को जिम्मेदार बताने पर भी अश्विन ने हैरानी जतायी है। इसके अलावा यूएई मैच से पहले पाइक्रॉफ्ट की पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा से मुलाकात को जिस प्रकार से रिकार्ड किया गया उसे भी अश्विन ने गलत बताया है। अश्विन ने कहा कि पीबीसी बेकार की नाटकबाजी कर रही है। अश्विन ने कहा, पाइक्रॉफ्ट ने सबको ऐसा बेकार का ड्रामा देखने से बचा लिया।

# पीठ में दर्द की समस्या से जूझ रहे पैट कमिंस एशेज में सभी टेस्ट मैंच खेलने की उम्मीद

सिडनी। पीठ में दर्द की समस्या से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस एशेज के सभी पांच टेस्ट मैचों में खेलना चाहते है। कमिंस ने एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। कमिंस ने स्वीकार किया कि एशेज से पहले वे पूरी तरह से प्रतीक्षा करने और देखने की स्थिति है। कमिंस ने कहा, लक्ष्य पांच टेस्ट मैच है। हर गर्मियों में आप पांच टेस्ट मैच खेलने का लक्ष्य रखते हैं। यह मैच थोड़ा अलग हो सकता है क्योंकि आप बाकी मैचों से थोड़े अलग अंदाज में आ रहे हैं। लेकिन शुरुआती लक्ष्य पांच विकेट लेना है। एक बार जब हम करीब पहुंच जाएंगे, तब हम शायद अधिक यथार्थवादी परिस्थितियों पर बात करूंगा। सच कहूं तब यह कहना अभी बहुत दूर की बात है, लेकिन फिलहाल हमारा लक्ष्य इन सबके लिए तैयार रहने का प्रयास करना है। कमिंस ने इशारा किया कि पहले तीन टेस्ट मैचों के कार्यक्रम में आठ दिनों का स्पष्ट अंतराल रखा गया था, इसलिए बैकअप लेना कोई समस्या नहीं हो सकती। लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि यह संभावना नहीं है कि ऑस्ट्रेलिया पूरी गर्मियों में एक अपरिवर्तित आक्रमण के साथ टिकेगा। उन्होंने कहा, ज्यादातर सालों में, कम से कम एक गेंदबाज तब खेल ही जाता है। जॉश हेजलवुड पिछले साल आखिरी हाफ में नहीं खेल पाए थे। जाहिर है, परिस्थितियां बदलती हैं, लेकिन मुझे लगता है कि आपको बस एक नए गेंदबाज की जरूरत है, जो आकर टेस्ट मैच में बिना पलक झपकाए 40 ओवर गेंदबाजी कर सके। उल्लेखनीय है कि इस हफ्ते ऑस्ट्रेलियाई कोच एंड्रयू मैकडॉनाल्ड ने कहा कि कमिंस इस सीरीज में 'हिस्सा लेने वाले है। इस टेस्ट सीरीज का पहला मैच 21 नवंबर से पर्थ में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होगा। मैकडॉनाल्ड ने कहा कि कमिंस एशेज में' महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगे। लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि 5 टेस्ट मैचों की योजना कभी भी तेज गेंदबाजी के लिए नहीं थी। हालांकि कमिंस अभी भी आशान्वित हैं। पैट कमिंस पांचों एशेज टेस्ट खेलने का लक्ष्य बना रहे हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज को श्रृंखला के करीब आने पर ही पता चलेगा कि वह एक व्यावहारिक विकल्प है या नहीं। हालांकि कमिंस इस लेकर आशांवित है।



# सात्विक और चिराग चीन मास्टर्स के फाइनल में कड़े मुकाबले में हारे

**शेनझेन (एजेंसी)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी को एक बार फिर दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा जब वे रविवार को यहां चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में किम वोन हो और सियो सेयुंग जेइ की कोरिया की दुनिया की नंबर एक जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में हार गए।




एशियाई खेलों की चैंपियन भारतीय जोड़ी को फाइनल में अपने खिताबी सूखे को खत्म करने की उम्मीद थी लेकिन पहले गेम में 14-7 की मजबूत बढ़त बनाने बावजूद उन्हें मुकाबले में 45 मिनट में सीधे गेम में 19-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। सात्विक और चिराग की जोड़ी लगातार दूसरे फाइनल में लय में दिखी। विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य पदक जीतने और हांगकांग ओपन में उपविजेता रहने के बाद पूरे हफ्ते भारतीय जोड़ी ने एक भी गेम नहीं गंवाया। लेकिन उन्हें मजबूत स्थिति में होने के बावजूद पहला गेम गवाने का मलाल जरूर रहेगा।

किम और सियो अन्य जोड़ीदारों के साथ प्रयोग करने के बाद मौजूद सत्र में फिर से साथ आए हैं। यह जोड़ी 2025 के अपने नौवें फाइनल में खेल रही थी और पहले ही छह खिताब जीत चुकी थी जिसमें पेरिस में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण और ऑल इंग्लैंड तथा इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 का खिताब भी शामिल है। इस मुकाबले को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आक्रमण और सर्वश्रेष्ठ डिफेंस के बीच की लड़ाई माना जा रहा था और किम तथा सियो ने बेहतर धैर्य और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

कोरियाई टीम ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले गेम में 3-0 की बढ़त बनाई लेकिन भारतीय जोड़ी ने लगातार दमदार स्मैश के साथ वापसी की और स्कोर 6-6 कर दिया। चिराग के नेट पर सटीक शॉट ने भारतीय जोड़ी को ब्रेक तक 11-7 की बढ़त दिला दी और जल्द ही उन्होंने इसे 14-8 कर दिया। हालांकि कुछ गलतियां हुईं। एक वीडियो चैलेंज के असफल होने से सात्विक और चिराग की लय टूटी और कोरियाई जोड़ी ने अगले नौ में से आठ अंक जीतकर स्कोर 15-15 से बराबर कर दिया।

नेट पर चिराग की गलती ने कोरियाई जोड़ी को 19-17 की बढ़त दिला दी लेकिन भारतीय जोड़ी ने वापसी करते हुए सियो की गलती से स्कोर 19-19 कर दिया। बाएं हाथ के किम ने एक तेज विनर शॉट के साथ गेम प्वाइंट हासिल किया और चिराग ने इसके बाद शॉट बाहर मार दिया जिससे कोरियाई टीम ने पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने 3-2 की बढ़त बनाई और फिर स्कोर 8-6 कर दिया। कोरियाई जोड़ी ने 9-9 पर बराबरी हासिल की और ब्रेक तक एक अंक की बढ़त बनाने में सफल रही।

खेल फिर से शुरू होने पर सियो ने नेट पर सर्विस मार दी लेकिन अगले ही प्वाइंट पर सात्विक की कमजोर सर्विस पर अंक जुटाया। चिराग के एक बार फिर शॉट बाहर मारने से कोरियाई जोड़ी ने 15-11 के स्कोर पर चार अंक की बढ़त हासिल की। सियो ने अगले ही प्वाइंट पर फ्लैट शॉट लगाया लेकिन चिराग फिर से चूक गए और कोरियाई टीम 17-14 से आगे हो गई। एक बेहतरीन ड्रॉप शॉट ने कोरियाई टीम की बढ़त को 18-15 कर दिया। चिराग के दो बार शॉट बाहर मारने से कोरियाई जोड़ी ने पांच मैच प्वाइंट हासिल किए जिसके बाद सात्विक ने बाहर शॉट मारकर खिताब कोरियाई टीम की झोली में डाल दिया।

# हमें फाइनल में पहुंचने का पूरा भरोसा : बांग्लादेशी सलामी बल्लेबाज सैफ हसन




स्पोर्ट्स डेस्क। बांग्लादेश ने टी20 एशिया कप 2025 के सुपर-4 मुकाबले में श्रीलंका को एक गेंद शेष रहते चार विकेट से हरा दिया। 169 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, युवा सलामी बल्लेबाज सैफ हसन ने 45 गेंदों में 61 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली। बांग्लादेश ने श्रीलंकाई टीम को चौंका दिया, हसन ने कहा कि टीम यूएई यह मानकर पहुंची थी कि वे फाइनल में पहुंचेंगे। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में सैफ ने कहा, 'हां, बिल्कुल, हमें फाइनल में पहुंचने का पूरा भरोसा है, यहा आने से पहले, सभी को यकीन था कि हम फाइनल खेलेंगे।' 'हम एक कदम आगे हैं और अभी हमारे लिए दो मैच और बाकी हैं, और हमारा अगला ध्यान सिर्फ अगले मैच पर है।' 'जरूर, सपने देखने चाहिए और बड़े सपने देखने चाहिए, लेकिन हमें कदम दर कदम आगे बढ़ना चाहिए। हमारा अगला ध्यान पूरी तरह से भारत के खिलाफ मैच पर होगा और उसके बाद के मैच का फैसला बाद में होगा।' मैच में पहले ओवर में विकेट गिरने के बाद, हसन ने नुवान तुषारा का सामना किया। उन्होंने पावरप्ले के ओवरों में कुल तीन छक्के लगाए। कप्तान लिटन दास ने उनका अच्छा साथ दिया। 6 ओवर के बाद बांग्लादेश का स्कोर 59/1 था। हसन ने खुलासा किया कि उनके पास कोई खास योजना नहीं थी, लेकिन उन्होंने मैदान पर पाबंदी के दौरान जवाबी हमला करने का फैसला किया। बांग्लादेश का अगला मैच 24 सितंबर को दुबई में भारत के खिलाफ होगा। सुपर-4 में वे एकमात्र टीम हैं जो लगातार दो दिन मैच खेलेगी। उनका आखिरी सुपर-4 मैच 25 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ होगा।

# जतिंदर सिंह ने भारतीय टीम से एनसीए में प्रशिक्षण की गुहार लगाई

**अबु धाबी (एजेंसी)।** जतिंदर सिंह की कप्तानी में ओमान टीम को एशिया कप 2025 में भारत के खिलाफ 21 रनों से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, हार के बावजूद ओमान के बल्लेबाजों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ओमान ने 20 ओवर में चार विकेट खोकर 167 रन बनाए। आमिर कलीम ने 64 रन, हम्माद मिर्जा ने 51 और कप्तान जतिंदर ने 32 रन का योगदान दिया। मैच के बाद जतिंदर ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से गुहार लगाई कि उनकी टीम को नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में प्रशिक्षण की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि इससे खिलाड़ियों की तकनीक, मानसिक तैयारी और फिटनेस में सुधार होगा और एसोसिएट देशों और टेस्ट खेलने वाले देशों के बीच की खाई पाटने में मदद मिलेगी।

जतिंदर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे लगता है कि अगर हम भारत को अपना दूसरा घर बना सकें, एनसीए में ट्रेनिंग ले सकें, टी20 मैच खेल सकें और क्लब तथा रणजी टीमों के साथ अभ्यास कर सकें, तो हमारे लिए यह बहुत फायदेमंद होगा। हम एक एसोसिएट नेशन हैं और हमें टेस्ट खेलने वाले देशों के साथ खेलने के मौके नहीं मिलते। ओमान की टीम पहली बार एशिया कप में खेली थी और ग्रुप ए के सभी मैच हारने के बावजूद जतिंदर ने अपने खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि उन्हें खिलाड़ियों पर गर्व है और जिस तरह उन्होंने हालात का सामना किया, वह काबिले तारीफ है।



# भारतीय धरती पर तेज गेंदबाजों से सीरीज पलटने की उम्मीद है सैमी को

अहमदाबाद। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने भारतीय सरजमीं पर अपनी टीम के तेज गेंदबाजों की ताकत पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम का तेज गेंदबाजी आक्रमण इतना मजबूत और विविधता से भरा है कि किसी भी परिस्थिति में मैच का रुख पलट सकता है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में और दूसरा 10 अक्टूबर को दिल्ली में खेला जाएगा। मीडिया से बातचीत में सैमी ने कहा, टीम में चार अलग-अलग तरह के तेज गेंदबाज हैं, जिनकी अपनी खासियतें हैं और यही हमारी असली ताकत है। शमर जोसेफ, जेडन सील्स, अल्जारी जोसेफ और एंडरसन फिलिप सभी विभिन्न परिस्थितियों में विकेट निकालने में सक्षम हैं। इसके साथ ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स भी विकल्प के रूप में मौजूद हैं। उन्होंने विशेष रूप से शमर को कुशल, जेडन सील्स को गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराने में माहिर और अल्जारी जोसेफ को अपने कद, गति और उछाल के कारण खतरनाक बताया। सैमी ने उम्मीद जताई कि उनका तेज गेंदबाजी संयोजन भारतीय हालात में भी बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण साबित होगा और टेस्ट मैच में 20 विकेट लेने की क्षमता रखता है। कोच ने न्यूजीलैंड की भारत में पिछली साल की सफलता से भी प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने कहा, पिछले साल कीवी टीम ने भारत में 3-0 से जीतकर इतिहास रचा। हमें उनसे सीखना चाहिए कि किन परिस्थितियों में उन्होंने कौन-सी रणनीति अपनाई। उम्मीद है कि हमारे खिलाड़ी भी परिस्थितियों को समझकर प्रदर्शन करेंगे। भारतीय हालात में पारंपरिक तौर पर स्पिन गेंदबाजों का दबदबा रहता है, लेकिन सैमी का मानना है कि उनकी तेज गेंदबाजी यूनिट इस बार असर दिखाएगी। उन्होंने कहा, टीम का यह संयोजन किसी भी विपक्षी बल्लेबाजी क्रम को चुनौती देने में सक्षम है। अब यह देखना बाकी है कि अहमदाबाद और दिल्ली में इंडीज के तेज गेंदबाज सैमी की उम्मीदों पर कितना खरे उतरते हैं।



# इरफान चाहते हैं इस गेंदबाज को टीम में शामिल करना, कहा- भारत को दूसरे तेज गेंदबाज की जरूरत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान का मानना है कि एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले में भारतीय टीम को अर्शदीप सिंह की जरूरत पड़ सकती है। उन्होंने बताया कि जसप्रीत बुमराह के अलावा अर्शदीप ही एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं जो लगातार यॉर्कर फेंक सकते हैं और विरोधी बल्लेबाजों के लिए रन बनाना मुश्किल बना सकते हैं।

पठान ने सोनी स्पोर्ट्स पर कहा, 'मैं अपनी बात पर कायम रहूंगा, जो मैंने एशिया कप शुरू होने से पहले कही थी। मैं अर्शदीप को बुमराह के साथ खेलते देखना चाहूंगा क्योंकि ऐसी स्थिति आ सकती है जहां आपको दूसरे तेज गेंदबाज की जरूरत पड़ सकती है।'

उन्होंने आगे कहा, 'जब गेंद गीली हो जाती है और आप दबाव में होते हैं तो क्या हार्दिक की ताकत छह यॉर्कर फेंकना है, या शिवम दुबे लगातार यॉर्कर फेंक सकते हैं।'

पठान ने यह भी स्वीकार किया कि भारतीय टीम वर्तमान में जीत की लय में है, इसलिए टीम प्रबंधन अंतिम एकादश में बदलाव नहीं करेगा और उसी गेंदबाजी संयोजन के साथ आगे बढ़ेगा जो उन्होंने टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ अपने पिछले मैच में इस्तेमाल किया था।

**अर्शदीप ओमान के खिलाफ मैच में खेले**

अर्शदीप को एशिया कप के पहले दो मैचों में भारत की प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली थी, लेकिन ओमान के खिलाफ टीम के अंतिम ग्रुप चरण के मैच में वह शामिल थे। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अपने 4 ओवर के स्पेल में 37 रन देकर 1 विकेट हासिल किया और टी20 के इस प्रारूप में 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने।



# पीयूष गोयल की इंडस्ट्री से अपील, टैक्स कटौती का पूरा फायदा ग्राहकों को दें

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 22 सितंबर से लागू होने वाले नए जीएसटी सुधारों से पहले उद्योगों से अपील की है कि वे टैक्स कटौती का पूरा फायदा ग्राहकों तक पहुंचाएं। नए फ्रेमवर्क के तहत मौजूदा चार टैक्स स्लैब (5, 12, 18, 28 फीसदी) को घटाकर सिर्फ दो स्लैब (5 और 18 फीसदी) किया जाएगा। इस बदलाव से कई वस्तुओं पर टैक्स कम होगा, जिससे आम लोगों को कीमतों में राहत मिलेगी। सरकार ने कई वस्तुओं के टैक्स में भारी कमी की है। इसके अलावा, सिन और लग्जरी वस्तुओं पर 40 प्रतिशत टैक्स निर्धारित किया गया है। मंत्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली में कहा कि टैक्स कटौती का लाभ सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाना जरूरी है, जिससे उद्योगों को भी दीर्घकालीन फायदा होगा। उन्होंने बताया कि ऑटोमोबाइल सेक्टर पहले ही कीमतों में कटौती कर ग्राहकों को फायदा पहुंचा रहा है। सरकार व्यापार सुगमता और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही है, जिनमें नई लॉजिस्टिक्स नीति, नए औद्योगिक शहरों का विकास, छोटे विवादों को अपराधमुक्त करना और उद्योगों पर अनुपालन बोझ कम करना शामिल है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने उद्योग संघों और विभिन्न मंत्रालयों के साथ बैठकों के जरिए नए जीएसटी दरों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित किया है।




विशेषज्ञों के अनुसार, टैक्स कटौती से उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं की कीमतों में कम से कम 10 प्रतिशत और ऑटोमोबाइल की कीमतों में 12 से 15 प्रतिशत तक की कमी आएगी। इससे आम जनता को सस्ते दामों पर उत्पाद मिलेंगे और बाजार में मांग बढ़ेगी। इस प्रकार, नई जीएसटी व्यवस्था के लागू होने से उपभोक्ताओं को सीधे फायदा मिलने की उम्मीद है, जिसके लिए उद्योगों का सहयोग आवश्यक है।

# एनटीपीसी विदेशों में यूरेनियम संपत्तियों का अधिग्रहण करेगी




**- स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में बड़ा कदम, माही-बांसवाड़ा में 2,800 मेगावाट की परियोजना से होगी शुरुआत**

**नई दिल्ली ।**

देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड अब परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में प्रवेश करने जा रही है। कंपनी अपनी भावी परियोजनाओं के लिए विदेशों में यूरेनियम संपत्तियों के अधिग्रहण की योजना बना रही है, जिससे परमाणु ईंधन की सुनिश्चित आपूर्ति हो सके। एनटीपीसी ने यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के मसौदे को मंजूरी दी है। इसके तहत विदेशों में यूरेनियम खनिजों की तकनीकी और वाणिज्यिक जांच की जाएगी। यूरेनियम एक प्राकृतिक धातु है, जिसका उपयोग परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में ईंधन के रूप में होता है। एनटीपीसी, जिसकी कुल स्थापित क्षमता 83,026 मेगावाट है, अब कोयला, गैस, जल और सौर ऊर्जा के साथ परमाणु ऊर्जा को भी अपने ऊर्जा मिश्रण में शामिल कर रही है। परमाणु क्षेत्र में इसकी पहली परियोजना राजस्थान के माही-बांसवाड़ा में 2,800 मेगावाट की होगी, जिसे न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के साथ संयुक्त उद्यम 'अणुशक्ति विद्युत निगम लिमिटेड के माध्यम से विकसित किया जाएगा। इसके अलावा, कंपनी ने जनवरी 2025 में अपनी सहायक इकाई एनटीपीसी न्यूक्लियर एनर्जी लिमिटेड की स्थापना भी की है। एनटीपीसी, अमेरिका की क्लीन कोर थोरियम एनर्जी जैसी कंपनियों के साथ सहयोग की संभावनाएं तलाश रही है। भारत सरकार का लक्ष्य है कि 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता स्थापित की जाए। फिलहाल देश की कुल ऊर्जा क्षमता में परमाणु ऊर्जा का योगदान सिर्फ 2 फीसदी (8,180 मेगावाट) है। एनटीपीसी का यह कदम इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# भारत समुद्री खाद्य निर्यात में ग्लोबल लीडर, 2030 तक 15 बिलियन डॉलर का लक्ष्य



**नई दिल्ली ।**

भारत वर्तमान में 132 देशों को समुद्री खाद्य निर्यात कर विश्व बाजार में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है। 2024-25 में देश ने 16,98,170 टन सीफूड का निर्यात किया, जिसकी कीमत 62,408.45 करोड़ रुपए (7.45 बिलियन डॉलर) रही। यह पिछले वर्ष 2023-24 के 17,81,602 टन निर्यात और 60,523.89 करोड़ रुपए (7.38 बिलियन डॉलर) से मूल्य के हिसाब से बढ़त दर्शाता है। इस क्षेत्र की निरंतर बढ़ोतरी वैश्विक व्यापार में उतार-चढ़ाव के बावजूद उसकी मजबूती को दर्शाती है। मत्स्य पालन क्षेत्र करीब 3 करोड़ मछुआरों और फिश फार्मरों की आजीविका का सहारा है, जो देश की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभाता है। यह क्षेत्र न केवल निर्यात में बढ़ोतरी कर रहा है, बल्कि ग्रामीण विकास और रोजगार सृजन में भी योगदान दे रहा है। एशिया के सबसे बड़े सीफूड ट्रेड फेयर, इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो का 24वां संस्करण 25 से 28 सितंबर तक भारत मंडपम, दिल्ली में आयोजित होगा। यह आयोजन वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 का हिस्सा है। एसईएआई के अध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत के समुद्री खाद्य निर्यात क्षेत्र की वैश्विक स्थिति मजबूत करने और नए बाजारों में विस्तार के लिए महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। एसईएआई के महासचिव के.एन. राघवन ने कहा कि उनका आदर्श वाक्य 'सतत तरीके से प्राप्त, मानवीय तरीके से सोर्सिंग' इस क्षेत्र की जिम्मेदार और नैतिक प्रथाओं को दर्शाता है। आईआईएसएस 2025 में 260 से अधिक स्टॉल, तकनीकी सत्र, और 15 से अधिक देशों के प्रतिभागी मौजूद रहेंगे, जिनमें अमेरिका, यूरोपियन यूनियन, जापान और चीन प्रमुख हैं। भारत का समुद्री खाद्य निर्यात क्षेत्र तेजी से बढ़ते वैश्विक बाजार में अपनी मजबूती और स्थिरता को कायम रखे हुए है।

# एच-1बी वीजा फीस हाइक : केंद्र सरकार नैसकॉम के साथ स्थिति का कर रही आकलन

**- अमेरिका ने एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर की सालाना फीस लगाने का प्रस्ताव दिया**

**नई दिल्ली ।**

अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा पर सालाना 1 लाख डॉलर की फीस लगाने के प्रस्ताव से भारतीय आईटी सेक्टर में हलचल है। इस फैसले से विशेषकर अमेरिकी कंपनियों पर असर पड़ने की उम्मीद है, जो तकनीकी प्रतिभा के लिए भारतीय पेशेवरों पर निर्भर हैं। भारत सरकार और प्रमुख आईटी संस्था नैसकॉम इस निर्णय के संभावित प्रभाव का विश्लेषण कर रहे हैं। सरकारी सूत्रों के अनुसार, वाशिंगटन डीसी स्थित भारतीय दूतावास भी इस मुद्दे पर सक्रिय है। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका की इस नीति से भारत में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसीएस) के विस्तार को बल मिलेगा। वर्तमान में भारत में लगभग 1,700 जीसीसीएस हैं, और 2030 तक यह संख्या 2,100 पार करने का अनुमान है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में कहा कि भारत में दुनिया के लगभग 50 फीसदी जीसीसीएस मौजूद हैं, जो अब सिर्फ बैक ऑफिस नहीं, बल्कि इनोवेशन और आरएंडडी के हब बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह सेक्टर विकसित भारत 2047 की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। टेक महिंद्रा के पूर्व सीईओ सीपी गुरनानी ने बताया कि भारतीय आईटी कंपनियों ने एच-1बी वीजा पर निर्भरता कम कर दी है और अब स्थानीय प्रतिभा, ऑटोमेशन और ग्लोबल डिलीवरी मॉडल पर जोर दिया जा रहा है। कुल मिलाकर, जहां एक ओर अमेरिकी नीति से चुनौतियाँ हैं, वहीं भारत के लिए यह तकनीकी नेतृत्व स्थापित करने का अवसर भी है।

# चांदी ने इस साल अब तक दिया 49 फीसदी का रिटर्न, सोना और शेयर बाजार पीछे

**- ईवी और सौर ऊर्जा सेक्टर की मांग, वैश्विक अनिश्चितता और कमजोर डॉलर ने चांदी पहुंची उच्च स्तर पर**

**नई दिल्ली ।**

इस वर्ष चांदी ने निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न देकर सोना और शेयर बाजार को पीछे छोड़ दिया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर चांदी की कीमत 19 सितंबर 2025 तक 49.14 फीसदी बढ़कर 1,30,099 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई, जो पिछले वर्ष 87,233 रुपए प्रति किलोग्राम थी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह तेजी वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, अमेरिकी डॉलर की कमजोरी, और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में संभावित कटौती की उम्मीदों से आई है। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा और स्वच्छ तकनीक क्षेत्रों से औद्योगिक मांग में तेज वृद्धि भी चांदी की कीमतों को बढ़ावा देने वाला मुख्य कारक रही। बाजार के जानकारों ने कहा कि भू-राजनीतिक तनावों के बीच सुरक्षित निवेश की तलाश ने भी चांदी को समर्थन दिया। इसके अलावा कमजोर रुपये ने घरेलू कीमतों को और ऊपर पहुंचाया। एक बाजार विश्लेषक ने बताया कि चांदी एकमात्र



ऐसी धातु है जिसमें बहुमूल्य और औद्योगिक दोनों गुण मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि चांदी कॉमेक्स पर 2012 के बाद पहली बार 40 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गई। तुलनात्मक रूप से देखा जाए तो सोना इस साल अब तक 43.2 फीसदी बढ़ा है, जबकि बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी में क्रमशः 5.74 और 7.1 फीसदी की वृद्धि हुई है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि जोखिम क्षमता के अनुसार चांदी में निवेश अभी भी एक बेहतर विकल्प हो सकता है।

## एच-1बी वीजा फीस सिर्फ नए आवेदकों पर लागू

**– 21 सितंबर से पहले दाखिल पिटीशनों पर नहीं पड़ेगा असर**

**मुंबई ।** अमेरिका में एच-1बी वीजा को लेकर मची हलचल के बीच व्हाइट हाउस ने बड़ा स्पष्टीकरण जारी किया है। नए नियम के तहत लागू की गई 1,00,000 डॉलर (लगभग 83 लाख रुपए) की भारी फीस केवल नए एच-1बी आवेदकों पर लागू होगी, मौजूदा वीज़ा धारकों पर नहीं। अमेरिकी नागरिकता और इमिग्रेशन सेवा (यूएससीआईएस) ने साफ किया है कि यह फीस केवल 21 सितंबर के बाद दायर होने वाले नए पिटीशनों पर लागू होगी। यूएससीआईएस निदेशक जोसेफ़ एडलो के अनुसार यह नियम राष्ट्रपति ट्रंप के एक आदेश का हिस्सा है। इसका उद्देश्य अमेरिका में विदेशी श्रमिकों की एंट्री को नियंत्रित करना और अमेरिकी नागरिकों को नौकरी में प्राथमिकता देना है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता टेलर रोजर्स ने कहा कि यह एकमुश्त शुल्क है, न कि कोई सालाना फीस। वहीं प्रेस सेक्रेटरी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मौजूदा वीज़ा धारकों या उनके नवीनीकरण पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। हालांकि शुरू में इस आदेश से भारतीय एच-1बी वीज़ा धारकों में काफी भ्रम और डर फैल गया था। कई लोगों ने भारत लौटने की योजना टाल दी, जबकि कुछ की अमेरिका वापसी की फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। अब इस स्पष्टीकरण से हजारों भारतीय प्रोफेशनल्स को राहत मिली है।




## हीरो मोटोकॉर्प को उम्मीद, त्योहारों में होगी रिकॉर्ड बिक्री

**- दोपहिया बाजार में बरकरार रहेगा शीर्ष स्थान**

**नई दिल्ली ।** हीरो मोटोकॉर्प को उम्मीद है कि इस साल त्योहारों का मौसम कंपनी के लिए अब तक का सबसे अच्छा साबित होगा। जीएसटी में कटौती के बाद मांग में तेजी आने की संभावना है, जिससे बिक्री के आंकड़े मजबूत होंगे। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया` कि पहले पांच महीनों में बिक्री लगभग स्थिर रही, लेकिन नवरात्र और त्योहारों के दौरान अच्छी बुकिंग देखी जा रही है। हीरो मोटोकॉर्प इस बार 12 नए उत्पाद पहली बार त्योहारों के मौके पर बाजार में ला रही है, जिससे कंपनी को दोहरा फायदा होने की उम्मीद है। मौजूदा उत्पादों के साथ-साथ नई पेशकशों की वजह से कंपनी उद्योग से बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद कर रही है। उन्होंने कहा` कि यह सकारात्मक माहौल कंपनी के लिए उत्साहजनक है और इसे बढ़ावा देगा। वित्त वर्ष 2024-25 में हीरो मोटोकॉर्प ने दोपहिया वाहन बिक्री में 54,45,251 इकाइयों के साथ शीर्ष स्थान कायम रखा है। मुख्य प्रतिस्पर्धी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया की बिक्री 47,89,283 रही। अगस्त तक के आंकड़ों के अनुसार, हीरो लगभग दो लाख इकाइयों की बढ़त बनाए हुए है। हीरो मोटोकॉर्प 100 सीसी, 125 सीसी, स्कूटर और प्रीमियम सेगमेंट में विस्तार की योजना बना रही है। इलेक्ट्रिक वाहनों की उपलब्धता बढ़ाने और हार्ले-डेविडसन के साथ साझेदारी जारी रखने की भी रणनीति है। साथ ही, प्रीमियम बिक्री आउटलेट (प्रेमिया स्टोर) की संख्या बढ़ाई जाएगी। वर्मा ने भरोसा जताया कि कंपनी 2025 में भी इस क्षेत्र में सबसे आगे रहेगी।

## भारत-ओमान जल्द करेंगे सीईपीए समझौते पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली ।** भारत और ओमान के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर जल्द ही हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। भारत में ओमान के राजदूत इसा सालेह अब्दुल्ला अलशिबानी ने बताया कि बातचीत पूरी हो चुकी है और अब कानूनी प्रक्रियाएं चल रही हैं। यह समझौता व्यापार को ऊर्जा क्षेत्र से आगे बढ़ाकर विविध वस्तुओं और सेवाओं तक विस्तारित करेगा। भारत, ओमान से मुख्य रूप से पेट्रोलियम उत्पाद और यूरिया का आयात करता है। 2024-25 में दोनों देशों के बीच व्यापार 10.61 अरब डॉलर रहा। ओमान में 6,000 से अधिक भारत-ओमान संयुक्त उद्यम कार्यरत हैं। सीईपीए से सीमा शुल्क में कटौती, सेवाओं के व्यापार में वृद्धि और निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। यह समझौता भारत और खाड़ी देशों के बीच मजबूत आर्थिक साझेदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## दोपहिया वाहनों के बीमा दावों में 15 फीसदी की बढ़ोतरी

**- इलेक्ट्रिक बाइकों से सबसे ज्यादा खतरा**




**मुंबई ।** पॉलिसी बाजार की ताज़ा रिपोर्ट में दोपहिया वाहनों के इंश्योरेंस क्लेम को लेकर कई अहम खुलासे हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में ऐसे दावों में 15 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो हाल के वर्षों में सबसे अधिक है। अगले वर्ष इसमें 10-12 फीसदी और इजाफा होने की संभावना जताई गई है। रिपोर्ट बताती है कि 150 सीसी से 350 सीसी की मिड-रेंज मोटरसाइकिलों से जुड़े दावे सबसे ज्यादा बढ़े हैं, जबकि कम्यूटर बाइकों और स्कूटरों से जुड़े क्लेम स्थिर रहे। शहरों में इन तेज और पावरफुल बाइकों की मांग दुर्घटनाओं के जोखिम को बढ़ा रही है। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों से जुड़े बीमा क्लेम पेट्रोल बाइकों की तुलना में 18-20 फीसदी अधिक हैं। इसकी प्रमुख वजह बैटरी से जुड़ी समस्याएं और महंगे पुर्जों की मरम्मत है, जिसका खर्च 30-35 फीसदी तक ज्यादा आता है। भौगोलिक दृष्टि से देखें तो महाराष्ट्र, दिल्ली और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से कुल दावों का लगभग आधा हिस्सा आता है। गाजियाबाद, जयपुर और मेरठ जैसे शहर अब बाइक चोरी के हॉटस्पॉट बन गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 70-75 फीसदी दावे मामूली दुर्घटनाओं और प्राकृतिक आपदाओं से संबंधित हैं, जबकि 20-25 फीसदी चोरी और पूरी तरह के नुकसान के मामले हैं। थर्ड-पार्टी क्लेम कम होते हैं लेकिन इनका खर्च ज्यादा होता है। पॉ लिसी बाजार के विशेषज्ञों ने बदलते ट्रैफिक और तकनीकी रुझानों के बीच व्यापक बीमा को आवश्यक बताया है, खासकर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए।

# एच-1बी वीजा शुल्क बढ़ोतरी और जीएसटी में कटौती से बाजार की दिशा तय होगी

**- आईटी कंपनियों पर अमेरिका का नया शुल्क बनेगा दबाव का कारण**

**मुंबई ।**

अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा शुल्क को 100,000 डॉलर तक बढ़ाने के फैसले का असर इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार पर दिख सकता है। इस कदम से भारत की आईटी कंपनियों जैसे टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस, इंफोसिस और विप्रो की लागत बढ़ सकती है, जिससे उनकी आय पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह फैसला उन कंपनियों के लिए चिंता का विषय है जो अमेरिका में ऑनशोर प्रोजेक्ट्स पर निर्भर हैं। गौरतलब है कि एच-1बी वीजा धारकों में 70 फीसदी से अधिक भारतीय पेशेवर हैं। बाजार` विशेषज्ञों के अनुसार यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब वैश्विक व्यापार वार्ताएं चल रही हैं, और इससे आईटी सेवा निर्यातकों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ेगा। यह कदम अमेरिकी ग्राहकों की लागत बढ़ाएगा और भारतीय टैलेंट की मांग को प्रभावित करेगा। हालांकि घरेलू मोर्चे पर राहत की खबर है। जीएसटी परिषद ने 375 वस्तुओं पर कर दरों में कटौती की घोषणा की है, जो 22 सितंबर से लागू होगी। इससे रसोई का सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयां और वाहन सस्ते होंगे।




यह त्योहारी सीजन में उपभोक्ता मांग को प्रोत्साहित कर सकता है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल 22 सितंबर को अमेरिका में व्यापार समझौते पर वार्ता के लिए जाएंगे, जिससे व्यापारिक दृष्टिकोण से सकारात्मक संकेत मिल सकते हैं। विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार की दिशा निर्धारित करेंगी।

पिछले सप्ताह सेंसेक्स में 721 अंक और निफ्टी में 213 अंकों की बढ़त देखी गई। अब निवेशकों की नजर अमेरिका के आर्थिक आंकड़ों और फेडरल रिजर्व की नीतियों पर भी बनी रहेगी।

# सेंसेक्स की प्रमुख सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.18 लाख करोड़ बढ़ा

**- शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस पहले स्थान पर बनी रही**

**मुंबई ।**

पिछले सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में सकारात्मक रुख देखने को मिला, जिससे शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,18,328.29 करोड़ रुपए की बढ़त दर्ज की गई। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक और भारती एयरटेल को सबसे अधिक लाभ हुआ। बीएसई सेंसेक्स सप्ताह भर में 721.53 अंक चढ़कर बंद हुआ। इस बढ़त का सीधा असर प्रमुख कंपनियों के मार्केट कैप पर पड़ा। एसबीआई का बाजार मूल्यांकन 35,953.25 करोड़ रुपए बढ़कर 7,95,910 करोड़ रुपए हो गया, जबकि भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 33,214.77 करोड़ रुपए बढ़कर 11,18,952.64 करोड़ पहुंच गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 17,389.23 करोड़ रुपए की बढ़त के साथ 19,04,898.51 करोड़ रुपए रहा। इसके अलावा टीसीएस (12,952.75 करोड़ रुपए), एलआईसी (12,460.25 करोड़ रुपए), इन्फोसिस (6,127.73 करोड़ रुपए) और एचडीएफसी बैंक (230.31 करोड़ रुपए) के मूल्यांकन में भी वृद्धि दर्ज की गई। वहीं दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत में गिरावट आई। आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 10,707.87 करोड़ रुपए घटकर 10,01,654.46 करोड़ रह गया। बजाज



फाइनेंस और एचयूएल में क्रमशः 6,346.93 करोड़ रुपए और 5,039.87 करोड़ रुपए की गिरावट हुई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस पहले स्थान पर बनी रही, उसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, एचयूएल और एलआईसी का क्रम रहा।

## डिविडेंड का धमाका, अगले हफ्ते 111 कंपनियां बांटेंगी मुनाफा

**- 22 से 26 सितंबर तक बजाज, महाराष्ट्र स्कूटर, मोंटे कार्लो जैसी कंपनियां देंगी मोटा डिविडेंड**




**मुंबई ।** अगला हफ्ता शेयर बाजार में निवेशकों के लिए खास होने जा रहा है। 22 से 26 सितंबर के बीच कुल 111 कंपनियां अपने निवेशकों को डिविडेंड बांटेंगी। सबसे बड़ा डिविडेंड महाराष्ट्र स्कूटर लिमिटेड की ओर से 160 प्रति शेयर का घोषित किया गया है। वहीं, बजाज होल्डिंग्स 65 रुपए और मोंटे कार्लो 20 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड देगी। अकेले 22 सितंबर को ही 60 से ज्यादा कंपनियां लाभांश बांटेंगी। 23 सितंबर को इंडिया ग्लाइकोल्स 10 रुपए और जिंदल पॉली फिल्म्स 5.90 रुपए का डिविडेंड देगी। इसके अलावा कई छोटी-बड़ी कंपनियां इस हफ्ते मुनाफा बांटेंगी। निवेशकों के लिए यह हफ्ता निष्क्रिय आय कमाने का बेहतरीन अवसर हो सकता है। ध्यान दें कि डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट और एक्स-डिविडेंड डेट का पालन जरूरी है।

## अमूल और मदर डेयरी ने सस्ते किए दूध और दुग्ध उत्पाद

**- जीएसटी में कटौती के बाद दोनों कंपनियों ने 22 सितंबर से लागू की नई कीमतें**

**नई दिल्ली।** गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) जो अमूल ब्रांड नाम से उत्पाद बेचता है, ने अपने 700 से अधिक उत्पादों के दाम घटाने का ऐलान किया है। यह फैसला सरकार द्वारा दूध और संबंधित उत्पादों पर जीएसटी दरों में कटौती के बाद लिया गया है। अमूल का कहना है कि वह इसका पूरा लाभ ग्राहकों तक पहुंचाना चाहती है। नई कीमतें 22 सितंबर से लागू होंगी। इसके तहत 100 ग्राम मक्खन की कीमत 62 रुपए से घटकर 58 रुपए, एक लीटर घी 650 रुपए से घटकर 610 रुपए और 1 किलो चीज ब्लॉक 575 रुपए से घटकर 545 रुपए हो गया है। 200 ग्राम फ्रोजन पनीर अब 95 रुपए में मिलेगा, जो पहले 99 रुपए था। अमूल का मानना है कि कीमतों में कमी से दूध उत्पादों की मांग बढ़ेगी, जिससे किसानों को भी सीधा लाभ मिलेगा। जीसीएमएमएफ के 36 लाख से अधिक किसान सदस्य हैं। उधर, मदर डेयरी ने भी अपने उत्पादों के दाम घटाए हैं। यूएचटी दूध (टेट्रा पैक) की कीमत 77 रुपए से घटकर 75 रुपए कर दी गई है। मक्खन, चीज और घी पर भी क्रमशः 20 रुपए, 35 रुपए और 30 रुपए तक की कटौती की गई है। पनीर 3 रुपए से 6 रुपए प्रति किलो सस्ता हुआ है।



# पति संग्राम सिंह के अफेयर्स की अफवाहों के बीच पत्नी पायल का क्रिप्टिक पोस्ट



रेसलर-एक्टर संग्राम सिंह और अभिनेत्री निकिता रावल के बीच रिश्ते को लेकर कई बाते कही जा रही हैं। साथ ही ये भी कहा गया कि अभिनेता का एक्ट्रेस निकिता के साथ अफेयर चल रहा है और वो उन्हें डेट कर रहे हैं। हालांकि, संग्राम सिंह ने इन अफवाहों का खंडन किया है और निराशा व्यक्त की। इसके अलावा निकिता रावल ने भी इन अफवाहों को बेबुनियाद बताया। इसी बीच रेसलर-एक्टर की पत्नी पायल रोहतगी ने एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है, जो वायरल हो रहा है।

## पति संग्राम सिंह के साथ पायल ने शेयर की तस्वीर

संग्राम सिंह के अफेयर्स से जुड़ी खबरों के बीच उनकी पत्नी और अभिनेत्री पायल रोहतगी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने खुद की शादी के रिसेप्शन की तस्वीर साझा की है, जिसमें पति संग्राम सिंह के साथ वो खड़ी दिख रही हैं। एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, विश्वासघात हमेशा वफादारी के रूप में तब तक आता है, जब तक उसका मुखौटा नहीं उतर जाता।

## मैंने हर किसी की मदद...

इसके साथ ही पायल रोहतगी ने एक और पोस्ट किया है। इसमें भी उन्होंने अपनी ही शादी के रिसेप्शन की तस्वीर साझा की। उन्होंने कैप्शन दिया, एक अमीर आदमी से पूछा कि उसने यह कैसे किया और उसने कहा मैंने हर किसी की मदद करने की कोशिश करना बंद कर दिया पायल रोहतगी और संग्राम सिंह ने 12 साल से अधिक समय तक एक-दूसरे को डेट किया था। इसके बाद साल 2022 में दोनों ने शादी कर ली थी।



# सामंथा को नागा चैतन्य से तलाक के बाद नहीं मिल रहा काम

## इंडस्ट्री ने किया ब्लैकलिस्ट?

फिल्मों की एक्ट्रेस लक्ष्मी मांचू ने एक इंटरव्यू में सुपरस्टार और तलाकशुदा एक्ट्रेस के बारे में बात की है। लक्ष्मी मांचू ने कहा है कि इस एक्ट्रेस को तलाक के बाद से काम नहीं मिल रहा है। उन्होंने इस एक्ट्रेस का नाम तो नहीं लिया, पर हिंट दिया कि तलाक के बाद से उस एक्ट्रेस को इंडस्ट्री में ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है और जो फिल्में थीं, वो भी वापस ले ली गईं। बताया जा रहा है कि लक्ष्मी मांचू ने यह बात सामंथा रुथ प्रभु के बारे में कही है। सामंथा रुथ प्रभु ने साल 2017 में तेलुगू सुपरस्टार नागार्जुन के बेटे नागा चैतन्य से शादी की थी। यह एक लव मैरिज थी, पर 2021 में उनका तलाक हो गया। तलाक के बाद से सामंथा का करियर लुढ़कने लगा। उन्हें नाम मात्र की फिल्में मिल रही हैं, और जो भी रिलीद हुईं, वो औसत ही रहीं। ऐसे में माना जा रहा है कि लक्ष्मी मांचू का इशारा सामंथा की तरफ था।

### नागा चैतन्य की शोभिता से शादी, राज निदिमोरू संग सामंथा का नाम

सामंथा नागा चैतन्य से तलाक के बाद से वह सिंगल हैं। हालांकि, उनका नाम डायरेक्टर राज निदिमोरू के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों की साथ में रोमांटिक तस्वीरें भी वायरल हुई हैं। वहीं, नागा चैतन्य बाद में एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला को डेट करने लगे थे और साल 2024 में शादी कर ली।

### लक्ष्मी मांचू ने दिया हिंट

लक्ष्मी मांचू ने ग्रेट आंध्रा को दिए इंटरव्यू में इस बात का हिंट दिया कि एक सुपरस्टार की पूर्व पत्नी के पास फिलहाल कोई काम नहीं है। दरअसल, एक सवाल के जवाब में लक्ष्मी मांचू ने रिपोर्टर को फटकार लगाई और कहा कि समाज में पुरुषों से ज्यादा महिलाओं को बहुत कुछ झेलना पड़ता है। लक्ष्मी मांचू बोलीं, एक सुपरस्टार की पूर्व पत्नी है, जो यहां काम करती है। उसका तलाक हो गया है, और तब से, उसे जो फिल्में ऑफर हुई थीं, वो भी छीन ली गई हैं। उसे यही कहा जाता है कि उसे लिया तो उन्हें (नागा चैतन्य) बुरा लग सकता है और वो कुछ बोल सकते हैं। उसे अच्छे ऑफर्स का इंतजार है और मुझे उसका नाम लेने की जरूरत नहीं है।



### सामंथा का नाम सुनकर लक्ष्मी मांचू ने दिया यह जवाब

रिपोर्टर ने जब लक्ष्मी मांचू से सवाल किया कि वह सामंथा की बात कर रही हैं? तो एक्ट्रेस बोलीं, आप सोच रहे हैं कि सामंथा ही हैं। कोई एक सुपरस्टार नहीं है। लगभग पांच-छह सुपरस्टार्स का तलाक हो चुका है। और मैं उन सभी के करीब हूं। लेकिन मेरा पॉइंट ये है कि अगर किसी पुरुष के साथ ऐसा कुछ होता है, तो उसकी जिंदगी कभी नहीं बदलेगी। लेकिन एक महिला जब शादी कर ले और उसके बच्चे हो जाएं, ससुरालवाले हों तो उस पर बहुत सारी जिम्मेदारियां आ जाती हैं। कोई हमें आज़ादी नहीं देता। हमें खुद ही सब कुछ सहना पड़ता है।

# बॉलीवुड के बाद प्राजक्ता कोली ने रखा मराठी सिनेमा में कदम

सोशल मीडिया पर मोस्टलीसेन के नाम से पहचान बनाने वाली प्राजक्ता कोली आज एक ऐसा नाम बन चुकी हैं, जिनकी लोकप्रियता सिर्फ डिजिटल प्लेटफॉर्म तक सीमित नहीं रही। ओटीटी और बॉलीवुड में अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीतने के बाद अब वो अपने करियर का एक नया अध्याय शुरू करने जा रही हैं। प्राजक्ता पहली बार मराठी सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं और उनकी इस फिल्म का नाम है क्रांतिज्योति विद्यालय - मराठी माध्यम।

### प्राजक्ता ने शेयर किया पोस्ट

प्राजक्ता ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- उस भाषा के प्यार में, जिसे मैं अपनी मातृभाषा कहती हूं। मिलते हैं, बहुत जल्द। प्राजक्ता ने फैंस को जानकारी देते हुए फिल्म का पोस्टर भी शेयर किया है। इसके अलावा उन्होंने फिल्म की स्टारकास्ट के बारे में भी फैंस को बताया है।
फिल्म की कहानी और निर्देशन
इस फिल्म का निर्देशन हेमंत ढोमे ने किया है। कहानी महाराष्ट्र की शिक्षा व्यवस्था और मराठी माध्यम स्कूलों के पतन के इर्द-गिर्द बुनी गई है। यह फिल्म समाज में एक गंभीर संदेश देने का प्रयास करेगी।

### फिल्म की स्टारकास्ट

इस फिल्म में प्राजक्ता कोली के साथ मराठी सिनेमा के कई जाने-माने चेहरे नजर आएंगे। इसमें सचिन खेड़ेकर, अमेय वाघ, सिद्धार्थ चांदेकर, क्षिती जोग, कदंबरी कदम, हरीश दुहाडे और पुष्कराज चिरपुटकर जैसे कलाकार शामिल हैं। इन सभी कलाकारों की मौजूदगी फिल्म को और भी मज़बूत बनाती है।

### अब तक का सफर....

प्राजक्ता की पहचान सबसे पहले यूट्यूब से हुई, जहां वह रिलेटेबल और हल्के-फुल्के हास्य वाले वीडियो बनाती थीं। इसके बाद उन्हें ओटीटी पर नेटफ्लिक्स की रोमांटिक सीरीज मिसमैच्ड से पहचान मिली। शो को दर्शकों ने इतना पसंद किया कि इसका चौथा और अंतिम सीजन भी अगले साल आने वाला है। इसी बीच प्राजक्ता ने धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म जुग जुग जियो से बॉलीवुड डेब्यू किया, जिसमें वह वरुण धवन और कियारा आडवाणी के साथ नजर आईं। हाल ही में वह अमेजन प्राइम वीडियो की सीरीज अंधेरा में भी दिखाई दीं।






# इंदिरा कृष्णा ने 'जटाधारा' की शूटिंग को बताया रोमांचक अनुभव



बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की अपकमिंग फिल्म जटाधारा सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। अभिनेता सुधीर बाबू इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते दिखाई देंगे। इस फिल्म में दक्षिण भारतीय सिनेमा की अभिनेत्री इंदिरा कृष्णा भी अहम किरदार निभाती दिखाई देंगी। उन्होंने फिल्म की शूटिंग से जुड़ी सोनाक्षी सिन्हा के साथ एक फोटो शेयर की। इसमें वो सोनाक्षी से खुशी से बातें करती दिख रही हैं। एक तस्वीर में वो फिल्म के शूट को देखती दिख रही हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए इंदिरा कृष्णा ने बताया कि 'जटाधारा' की शूटिंग का अनुभव बहुत ही रोमांचक रहा। इंदिरा कृष्णा ने फिल्म की शूटिंग की कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर साझा कीं। इन्हें शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, 卐महादेव की कृपा से 7 नवंबर 2025 को रिलीज होने वाली तेलुगु फिल्म जटाधारा की शूटिंग का सफर बेहद रोमांचक रहा। माउंट आबू में इस शानदार टीम के साथ शूटिंग का पूरा आनंद लिया। मैंने वहां की भाषा और लोगों को करीब से समझा। प्रेरणा अरोड़ा के बिना यह संभव नहीं होता, जिन्होंने इस किरदार देवी के लिए मुझ पर बिना सोचे भरोसा किया। प्रिय प्रेरणा, मुझसे सर्वश्रेष्ठ अभिनय निकलवाने के लिए मैं आपका धन्यवाद करना चाहती हूं।
उन्होंने आगे लिखा, कुछ समय बिताने और विचार-मंथन के लिए शिविन को विशेष धन्यवाद। वेंकट कल्याण और हिमांशु की टीम का धन्यवाद। खूबसूरत सोनाक्षी सिन्हा के साथ बातचीत करके बहुत अच्छा लगा। आप अंदर से बहुत खूबसूरत हैं। इस अवसर को और बेहतर बनाने के लिए स्टूडियो साउथ का धन्यवाद। फिल्म के मेकर्स ने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करते हुए इसकी रिलीज डेट बताई थी। उन्होंने बताया कि यह फिल्म 7 नवंबर को हिंदी और तेलुगु में रिलीज होगी। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में अनंत पद्मनाभ स्वामी मंदिर के आसपास के रहस्यों को उजागर किया जाएगा। इस फिल्म में दिव्या खोसला, शिल्पा शिरोडकर, रवि प्रकाश, नवीन नेनी, रोहित पाठक, झांसी, राजीव कनकाला और सुभलेखा सुधाकर जैसे सितारे भी हैं। इसके निर्देशक अभिषेक जायसवाल और वेंकट कल्याण हैं। इसे जी स्टूडियोज और प्रेरणा अरोड़ा ने प्रोड्यूस किया है।

# नतालिया ही नहीं कई विदेशी सेलिब्रिटीज ने 'बिग बॉस' में चलाया अपना जादू



**'बिग बॉस 19' में एक विदेशी एक्ट्रेस नतालिया जानोसजेक भी बतौर प्रतियोगी शामिल हुईं। बीते रविवार को वह शो से बाहर हो गईं। सिर्फ नतालिया ही अकेली विदेशी सेलिब्रिटी नहीं हैं, जो इस रियलिटी शो में दिखीं, पहले भी कई विदेशी सेलेब्स 'बिग बॉस' का हिस्सा बन चुके हैं।**

पोलिश मूल की अदाकारा नतालिया वीकएंड का वार एपिसोड में 'बिग बॉस 19' से बाहर हो गईं। वह काफी दिनों तक इस रियलिटी शो में चर्चा में रहीं। सिर्फ नतालिया ही नहीं इससे पहले भी 'बिग बॉस' के अलग-अलग सीजन में कई विदेशी मूल के सेलिब्रिटीज नजर आए।

### क्लोडिया सिएस्ला




क्लोडिया सिएस्ला जर्मन एक्ट्रेस, मॉडल रही हैं। वह 'बिग बॉस 3' में बतौर प्रतियोगी शामिल हुईं। इसके बाद क्लोडिया ने हिंदी फिल्मों में अभिनय किया। साल 2018 में क्लोडिया ने एक बॉलीवुड फिल्म 'तेरी भाभी है पागल' में आइटम डांस किया। वह अब भारत में रहकर एक न्यूट्रिशनिस्ट के तौर पर काम कर रही हैं।

### सनी लियोनी



सनी लियोनी ने 'बिग बॉस 5' में बतौर प्रतियोगी हिस्सा लिया था। वह एक कनैडियन मूल की एक्ट्रेस, मॉडल रही हैं। 'बिग बॉस' के बाद वह बॉलीवुड फिल्म 'जिस्म 2' में नजर आईं। इसके बाद भी कई हिंदी और साउथ की फिल्मों का हिस्सा बनीं। इस साल वह हिमेश रेशमिया की फिल्म 'बैडएस रविकुमार' में कैमियो रोल करती दिखीं। कई इंडियन रियलिटी शो को वह होस्ट भी कर चुकी हैं।

### नताशा स्टेनकोविक



नताशा स्टेनकोविक एक सर्बियाई मूल की मॉडल, एक्ट्रेस हैं। फिल्म 'सत्याग्रह(2013)' से नताशा ने बॉलीवुड में कदम रखा था। साल 2014 में वह बिग बॉस 8 में बतौर प्रतियोगी शामिल हुईं। साल 2019 में भी उन्होंने 'द बॉडी' नाम की एक हिंदी फिल्म की। क्रिकेटर हार्दिक पांड्या के साथ साल 2020 में शादी की और साल 2024 में डिवोर्स हो गया।

### अब्दु रोजिक

तजाकिस्तान के मशहूर इंफ्लुएंसर अब्दु रोजिक भी 'बिग बॉस 16' में नजर आए थे। इस शो के बाद वह 'लाफ्टर शेफ 2' जैसे रियलिटी शो का हिस्सा बने। भारत में अब भी उनके फनी और सिंगिंग वाले वीडियो सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हैं।

### ओरा

साउथ कोरियन सिंगर ओरा ने भी 'बिग बॉस 17' में हिस्सा लिया था। ओरा के वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हैं, उनकी भारत में भी अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। वह बॉलीवुड गानों के मैशअप वीडियो बनाते हैं, जिन्हें भारतीय दर्शक पसंद करते हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in